

नई दिल्ली

गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 192
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 30
न्यून. 16

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

चंद्रोदय का समय
रात 8:26 बजे

करवा चौथ की
मंगलकामनाएं



haribhoomi.com

धन्यवाद, भारत!
जियो आपने बनाया।

आपके भरोसे से बना देश का सबसे बड़ा शेयरधारक परिवार।
79.62 लाख शेयरधारक।

लिस्टिंग के पहले ही दिन, मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बाद
देश की **दूसरी सबसे बड़ी कंपनी** बनी जियो।

यह आपके भरोसे की जीत है। यह डिजिटल भारत के बढ़ते कदमों की पहचान है।



आकाश, ईशा और अनंत अंबानी

खबर संक्षेप

कागज के रोल नीचे दबने से मजदूर की मौत

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के सिंघोला इलाके में कागज के भारी रोल के नीचे दबने से मजदूर की मौत हो गई। मृतक का नाम 27 वर्षीय नीरज बताया गया है। यह घटना कंपनी परिसर में उस समय सामने आई जब रोल वाहन पर लादा जा रहा था। पुलिस के अनुसार 26 अक्टूबर सिंघोला निवासी नीरज कंपनी परिसर में दो अन्य लोगों के साथ वाहन पर कागज के रोल लाद रहा था। उसी समय एक रोल उसके ऊपर गिर गया जिसके नीचे वह दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली। जांच के बाद कंपनी के मालिक के खिलाफ नरेला थाने एफआईआर दर्ज की गई। पोस्टमार्टम के बाद नीरज का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

बाबा गैंग का बदमाश किया अरेस्ट

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिले के स्पेशल स्टाफ ने मोहित उर्फ बाबा गैंग के एक वांछित आरोपी और मुख्य सहयोगी को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी हर्ष उर्फ नीतीश ठाकुर जहांगीरपुरी थाने में दर्ज एक मामले में गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस के अनुसार इससे पहले स्पेशल स्टाफ ने मोहित उर्फ बाबा गैंग के कई मुख्य सदस्यों को पकड़ा था। उनमें गैंग लीडर प्रिंस उर्फ मोहित उर्फ बाबा, उसके साथी राधे और शांतनु उर्फ चिका व एक नाबालिग शामिल था। उस कार्रवाई के दौरान दो अवैध पिस्तौलें और तीन कारतूस बरामद किए गए थे। जांच के दौरान हर्ष उर्फ नीतीश ठाकुर की पहचान गैंग के एक मुख्य सहयोगी के रूप में हुई थी। आरोप है कि मोहित उर्फ बाबा के पास से बरामद पिस्तौल की आपूर्ति करने में हर्ष ठाकुर शामिल था।

साइबर धोखाधड़ी में तीन आरोपी किए गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने 88,784 की साइबर धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार इस संबंध में 24 अक्टूबर को केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि शिकायतकर्ता मोहन गोविंद (41) से टेलीग्राम के जरिए संपर्क किया गया था। उन्हें अच्छा रिटर्न दिलाने का लालच देकर निवेश करने के लिए फुसलाया गया। इस झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने तीन अलग अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कर दी। पकड़े गये लोगों के नाम शोएब, ओवेश और आदिल बताये गये हैं। अब तक की गई जांच पड़ताल में आरोपियों का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।

फायरिंग केस में दो आरोपी चढ़े हत्थे

नई दिल्ली। न्यू उस्मानपुर पुलिस ने फायरिंग की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध में इस्तेमाल की गई एक देसी पिस्तौल और स्कूटी भी इनसे बरामद हुई। पकड़े गये आरोपियों के नाम मोहम्मद अब्बास उर्फ जोजो (26) और आदिल कुरैशी (21) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार घटना 27 अक्टूबर को सामने आई। शिकायतकर्ता जिगर अख्तर ने आरोप लगाया कि मोहम्मद अब्बास उर्फ जोजो नाम के एक व्यक्ति ने ब्रह्मपुरी स्थित गली नंबर 17 में हवा में गोली चलाई और उसे धमकी देकर मौके से फरार हो गया। केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। विभिन्न स्रोतों से सबूत जुटाए और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया और बाद में दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया। जोजो पहले भी हथियारों के बल पर डकैती के एक मामले में शामिल रहा है।

सजावटी सामान के गोदाम में लगी आग

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के सदर बाजार इलाके में बुधवार को प्लास्टिक के फूलों और सजावटी सामान के गोदाम में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के मुताबिक, सुबह 11 बजकर 41 मिनट पर सदर बाजार के टूटी चौक स्थित एक इमारत में आग लगने की सूचना मिली थी। आग इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित प्लास्टिक के फूलों और अन्य सजावटी सामान के गोदाम में लगी थी। आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक आग बुझा दी गई थी। घटना में किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों की जांच पुलिस कर रही है।

पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में वारदात

छोले-भटूरे की रेहड़ी पर बहस के बाद चाकू मारकर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिम विहार वेस्ट इलाके के ज्वालापुरी में छोले भटूरे की रेहड़ी पर बहस के बाद एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम संदीप (35) बताया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया है। जांच के दौरान छोलू भटूरे बेचने वाले आरोपी चिंटू गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार इस घटना की सूचना पुलिस को सोमवार को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल से मिली थी। बताया गया कि संदीप निवासी ए-123, राव विहार, निहाल विहार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल संदीप की एमएलसी प्राप्त हुई, जिसमें उसे बयान देने के लिए अयोग्य बताया गया। एमएलसी के अनुसार घायल के पेट के बाईं ओर चाकू के तीन घाव, बाईं बांह पर तीन कट और कलाई पर एक कट था। प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि ज्वालापुरी नाले के पास घायल संदीप और छोले-भटूरे बेचने वाले एक व्यक्ति के बीच हाथापाई हुई थी। शुरु में पुलिस ने धारा 109(1) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की। जांच के दौरान आरोपी चिंटू गुप्ता को गिरफ्तार कर बाद में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इलाज के दौरान घायल संदीप की महाराजा अग्रसेन अस्पताल, पंजाबी बाग में मौत हो गई। इसके बाद मामले में धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गई है। मामले की आगे की जांच जारी है।

डीटीसी बस की चपेट में आने से युवक की मौत

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के पंजाबी बाग में बुधवार सुबह एक दिल्ली परिवहन निगम बस की चपेट में आने से 22 वर्षीय मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम सोनू बताया गया है। वह पास ही की इंदिरा कालोनी में परिवार के साथ रहता था। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार सुबह करीब 7:23 बजे पंजाबी बाग थाने को सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि एक डीटीसी बस ने मोटरसाइकिल सवार को कुचल दिया था। मृतक सोनू अपने परिवार के साथ इंदिरा कालोनी की झुग्गी में रहता था। पुलिस दुर्घटना में शामिल बस की पहचान करने के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

म्यूल बैंक अकाउंट नेटवर्क का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी जिले के साइबर पुलिस ने संदिग्ध म्यूल बैंक अकाउंट नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुये चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच मोबाइल फोन बरामद किये गये। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की शिकायतों और बैंकिंग रिकॉर्ड के विश्लेषण से 44 हजार के संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का पता चला है। बैंक अकाउंट साझा करने की कथित श्रृंखला, कमीशन-आधारित व्यवस्था, पैसे के पूरे लेनदेन का पता लगाने और अन्य संभावित कड़ियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है। पुलिस ने इस संबंध में 23 अक्टूबर को केस दर्ज किया था। पकड़े गये आरोपियों के नाम अश्वनी, आदित्य, राम कुमार उर्फ अन्नू और विक्रांत उर्फ विक्की बताये हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे कमीशन, लोन या किसी अन्य वित्तीय लाभ के बदले में अनजान लोगों या परिचितों के साथ अपने बैंक खाते का विवरण, एटीएम कार्ड, पिन, ओटीपी, इंटरनेट बैंकिंग की जानकारी या अपने बैंक खाते का एक्सेस साझा न करें। ऐसे खातों का इस्तेमाल साइबर अपराध से जुड़ी रकम के लेनदेन के लिए किया जा सकता है, जिससे खाताधारक गंभीर कानूनी मुसीबत में फंस सकते हैं।

भोला भाई गैंग से जुड़े मामले का आरोपी मकोका के तहत गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिले की जहांगीरपुरी पुलिस ने भोला भाई गैंग से जुड़े 21 वर्षीय सुजल उर्फ ढेला को मकोका के तहत गिरफ्तार किया है। गैंग लीडर मुकेश उर्फ भोला और विपिन पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपी ढेला भलस्वा डेयरी इलाके का रहने वाला है। गैंग लीडर भोला 17 मामलों में शामिल रहा है। उसे 18 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। विपिन दो केस में शामिल था। उसे 28 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार यह गिरोह हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, अपहरण, जबरन वसूली, गोलीबारी की घटनाओं और आर्म्स एक्ट जैसी गंभीर आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है।

कार और घर को निशाना बनाकर की फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिम दिल्ली के सुभाष प्लेस थाना अंतर्गत पीतमपुरा इलाके में बुधवार को एक कार और घर को निशाना बनाते हुये कई राउंड फायरिंग की गई। इस घटना के बाद से ही पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित कारोबारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस हमलावरों की पहचान के लिये आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को गोलीबारी की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। पुलिस टीम पीतमपुरा के लोक विहार, ए-ब्लॉक पहुंची जहां एक कार पर गोली के तीन निशान मिले और घटनास्थल के सामने स्थित एक घर पर भी गोली के लगभग 4-5 निशान देखे गए। मौके से एक जिंदा कारतूस और दो खाली कारतूस बरामद किए गए। क्राइम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। आगे की जांच के लिए वाहन और बरामद की गई अन्य चीजों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है। मामला रंगदारी या पुरानी रंजिश से जुड़ा हो सकता है। बहरहाल पुलिस सभी एंगल से मामले की तफ्तीश कर रही है।

जामिया छात्र आंदोलन 17वें दिन भी जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का विश्वविद्यालय प्रशासन का आरोप

जामिया मिल्लिया इस्लामिया छात्र संघ (जेएमआईएसयू) को बहाल करने की मांग को लेकर छात्रों का विरोध प्रदर्शन बुधवार को 17वें दिन भी जारी रहा। विश्वविद्यालय द्वारा छात्र संघ के संविधान को मंजूरी मिलने के 15 दिनों के भीतर चुनाव कराने का फैसला किए जाने के बावजूद छात्रों ने अपना आंदोलन समाप्त करने से इनकार कर दिया। जारी गतिरोध के बीच, विश्वविद्यालय अधिकारियों ने बुधवार को टूटी हुई खिड़कियों की तस्वीरें साझा कीं और आरोप लगाया कि छात्रों ने जबरन परिसर के कुछ हिस्सों में प्रवेश किया तथा निगरानी कैमरों और विश्वविद्यालय की अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। हालांकि, अधिकारियों ने कथित नुकसान के संबंध में की जा रही कार्रवाई को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि प्रशासन को छात्र संघ के चुनावों के लिए एक निश्चित तारीख घोषित करनी चाहिए, जो 2006 से नहीं हुए हैं। साथ ही, छात्र संघ के संविधान को मंजूरी देने के लिए भी समयसीमा तय की जानी चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा सोमवार को एक आदेश जारी करके छात्र संघ के संविधान को मंजूरी मिलने के 15 दिनों के भीतर चुनाव कराने की बात कहे जाने के बावजूद आंदोलन जारी रहा। आदेश में विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों को जारी निलंबन और कारण बताओ नोटिस भी रद्द कर दिए गए। इसके अलावा, आंदोलन के दौरान सुरक्षा कर्मचारियों के आचरण की जांच के लिए एक समिति गठित करने का प्रावधान भी किया गया। हालांकि, छात्रों ने कहा कि यह फैसला उनकी मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने छात्र संघ के संविधान को मंजूरी देने के लिए समयसीमा तय नहीं किए जाने पर सवाल उठाया। अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों में से एक रेहान खान ने सोमवार को कहा था, ₹हमारी पहली मांग थी कि छात्र संघ के चुनाव बहाल किए जाएं और चुनाव की तारीखें घोषित की जाएं।₹ इस मुद्दे को लेकर चार छात्र अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

विश्वविद्यालय के आदेश में यह भी कहा गया कि प्रदर्शनकारी छात्र आंदोलन के दौरान प्रशासन के खिलाफ दिए गए मानहानिकारक बयानों, कृत्यों या सोशल मीडिया पोस्ट के लिए एक संवाददाता सम्मेलन में सार्वजनिक रूप से माफी मांगने पर सहमत हुए हैं।

24.90 लाख की लूट का मामला सुलझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी जिले के सब्जी मंडी इलाके में हुई 24.90 लाख की लूट का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने छह संदिग्धों की पहचान और एक आरोपी की गिरफ्तारी का दावा किया है। इसके साथ ही 15.90 लाख रुपये बरामद भी किये गये हैं। पुलिस के अनुसार सोमवार को गोखले मार्केट स्थित तीस हजारी कोर्ट कॉम्प्लेक्स के गेट नंबर 5 के पास हुई शाम करीब सात बजे यह वारदात हुई थी। शिकायतकर्ता सुरेश शर्मा (48) कूचा महाजन से 24.90 लाख लेकर अपनी मोटरसाइकिल से करावल नगर की ओर जा रहे थे। एक अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से नकदी से भरा उनका बैग छीन लिया और फरार हो गया। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया। इससे छह संदिग्धों की पहचान हुई, जो दिलशाद गार्डन, शाहदरा और आगरा के रहने वाले हैं। एक आरोपी गौरव उर्फ टेढ़ा को शाहदरा से गिरफ्तार किया गया है। आगरा में अनिकेत उर्फ कालू जो इस लूट का मुख्य साजिशकर्ता है के घर से 15.90 लाख रुपये बरामद किये गये। बाकी संदिग्धों को पकड़ने और लूटी गई शेष 9 लाख की रकम का पता लगाने के जिसे जांच जारी है।

सत्या शर्मा ने दिए पूर्णिमा सेठी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल को पूरी क्षमता से चलाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बुधवार को कालका जी स्थित पूर्णिमा सेठी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को बढ़ाने के लिए इसे पूरी क्षमता से चलाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सत्या शर्मा के साथ पार्षद एवं दिल्ली भाजपा प्रदेश महामंत्री योगिता सिंह, दक्षिण पूर्व वार्ड समिति की अध्यक्ष नीतू चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल तथा निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान सत्या शर्मा ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर और डायलिसिस सुविधा का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त स्थान और आधारभूत ढांचा उपलब्ध होने के बावजूद स्वास्थ्य सेवाएं सीमित स्तर पर संचालित हो रही हैं। इसलिए अस्पताल की क्षमता का पूरा उपयोग करते हुए यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाए ताकि कालकाजी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। मौके पर ही उन्होंने अतिरिक्त आयुक्त अग्रवाल को निर्देश दिए कि अस्पताल को पूरी क्षमता से संचालित करने के लिए उपलब्ध स्थान, संसाधनों और अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू करने की संभावनाओं का आकलन कर ठोस कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है।

1 नवंबर को रामलीला मैदान में उमड़ेगा जनसैलाब : इंडिया ब्लॉक

नई दिल्ली। इंडिया ब्लॉक की 1 नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाली जनसभा में जनसैलाब उमड़ेगा। यह दावा बुधवार को इंडिया ब्लॉक के दिल्ली राज्य के पदाधिकारियों ने प्रैस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित प्रेस वार्ता में किया। उन्होंने लोगों को जनसभा में लाखों की संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है। प्रेस वार्ता में दिल्ली कांग्रेस के महासचिव संगठन, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, अनुज आत्रेय, सीपीआई एम के अनुराग सक्सेना, सीपीआई के प्रो. दिनेश वार्ष्णेय, आरजेडी के नवल किशोर, फारवर्ड ब्लाक के धर्मेन्द्र वर्मा, आरएसपी के आर एस डागर, आरजेडी के आईन अहमद, सीपीआई (एमएल) की श्वेता मौजूद थी। दिल्ली कांग्रेस के महासचिव संगठन अनिल भारद्वाज ने कहा कि भाजपा पर्दे के पीछे से व्यापारी के नुकसान का बहाना बना कर इंडिया ब्लॉक की रैली रोकने का दुष्प्रचार कर रही है वही दूसरी ओर चादनी चौक जैसे बड़े व्यापारिक बाजार में आज मार्च निकाल कर भाजपा अपना राजनीतिक दोगलापन दिखा रही है। एक तरफ भाजपा व्यापारियों की हितेषी बनती है और दूसरी तरफ भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में राजनीतिक प्रदर्शन मार्च निकाल कर सभी नियमों का सीधे तौर पर उलंघन कर रही है और व्यापारियों को नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपनी आवाज उठाने के लिए पुलिस और प्रशासन किसी भी मार्च या कार्यक्रम को करने की इजाजत नही देता, लेकिन भाजपा की तानाशाही ही है कि उसे अत्यधिक व्यस्त क्षेत्र में लालकिला से टाउन हाल तक मार्च निकालने की इजाजत मिल जाती है।

नोडल सचिव ने पंजाबी बाग प्रदूषण हॉटस्पॉट सहित कई अन्य जगह किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वायु प्रदूषण को लेकर सरकार व एमसीडी कई कदम उठा रहे है। ऐसे में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के सीईओ एवं पंजाबी बाग प्रदूषण हॉटस्पॉट के नोडल सचिव रूपेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को पंजाबी बाग प्रदूषण हॉटस्पॉट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नोडल सचिव ठाकुर के साथ पश्चिमी जोन के उपायुक्त कर्नल विनोद अत्री, पश्चिमी रेंज के डीसीपी (ट्रैफिक) रणबीर सिंह, पश्चिमी जोन के सहायक आयुक्त स्वप्निल सिंह ठाकुर, राजौरी गार्डन की एसडीएम एवं पश्चिमी जिले की जिला मजिस्ट्रेट इति अग्रवाल तथा डीपीसीसी, पीडब्ल्यूडी व निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान नोडल सचिव ठाकुर ने धूल प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंजाबी बाग हॉटस्पॉट मॉनिटरिंग स्टेशन का भी दौरा किया। इस मौके पर पश्चिमी जाने के उपायुक्त कर्नल विनोद अत्री ने उन्हें मॉनिटरिंग स्टेशन की कार्यप्रणाली और यहां प्रदर्शित किए जाने वाले विभिन्न वायु गुणवत्ता मानकों की गहन जानकारी दी। जबकि पंजाबी बाग शवदाह गृह का दौरे के समय नोडल सचिव ठाकुर ने दाह संस्कार से होने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए पश्चिमी जोन के उपायुक्त कर्नल विनोद अत्री द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयासों की सराहना की। इस दौरान नोडल सचिव ने हॉटस्पॉट के 3 किमी के दायरे में इस क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया एवं प्रदूषण फैलाने वाली सभी इकाइयों एवं हॉटस्पॉट का निरीक्षण किया। उन्होंने हॉटस्पॉट और उसके आसपास के प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया तथा संबंधित एजेंसियों द्वारा धूल प्रदूषण कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। वहीं पूरी टीम ने पश्चिमी जोन के मेंटेनेंस-वन डिवीजन का निरीक्षण कर निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट स्थल तथा धूल नियंत्रण के लिए लगाए गए स्प्रिंकलर सिस्टम की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त अत्री ने नोडल ठाकूर को पंजाबी बाग स्थित दशहरा मैदान में भूरे एवं धूल युक्त खुले क्षेत्र (ब्राउन पैच) को गीला रखने और धूल के उत्सर्जन को रोकने के लिए तैनात दो ट्रैक्टरों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पंजाबी बाग हॉटस्पॉट से लगभग 1,100 मीटर की दूरी पर स्थित उत्तर-पश्चिमी जिले के शकूर बस्ती रेलवे साइडिंग यार्ड का निरीक्षण किया। इस स्थल को क्षेत्र में धूल प्रदूषण के एक संभावित प्रमुख स्रोत के रूप में चिह्नित किया गया है। निरीक्षण के दौरान स्थल पर भारी मात्रा में धूल जमा होने और उसके आसपास फैलने, ट्रकों की पार्किंग तथा सीमेंट की हैंडलिंग संबंधी गतिविधियां पाए जाने पर नोडल सचिव ने गंभीर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने दिल्ली सरकार के उत्तरी मध्य जिले के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि इन समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर रेलवे के साथ समन्वय कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, डीपीसीसी के अधिकारी को नियमानुसार चालान जारी करने तथा आवश्यक होने पर लागू नियमों और निर्धारित प्रक्रिया के तहत परिसर को सील करने की कार्रवाई शुरू करने के सख्त निर्देश दे दिए। नोडल सचिव ठाकुर ने सीएनजी और इलेक्ट्रिक शवदाह सुविधाओं के माध्यम से लकड़ी रहित दाह संस्कार को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इन सुविधाओं को निःशुल्क उपलब्ध कराने के निर्णय की भी प्रशंसा की, ताकि अधिक से अधिक लोग पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित हों।

मैसर्स जयंत बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड
रजि. कार्यालय: जे-221, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076

सार्वजनिक सूचना

मैसर्स जयंत बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड, हरियाणा के यमुना नगर जिले के सेक्टर–25, गांव हलुवाला में 'फ्लावर वैली' (FLOWER VALLEY) नामक प्रोजेक्ट विकसित कर रही है। यह प्रोजेक्ट 'अफोर्डेबल रेजिडेंशियल प्लॉटेड कॉलोनी' (DDJAY 2016 के अंतर्गत) के रूप में है। इसमें 2.7625 एकड़ का अतिरिक्त क्षेत्र शामिल है, जिसके लिए 08.10.2025 को लाइसेंस नंबर 190/2025 जारी किया गया है। (इसके अलावा, 24.12.2021 को जारी लाइसेंस नंबर 118/2021 और 03.11.2022 को जारी लाइसेंस नंबर 176/2022 भी शामिल हैं)। इस पूरे प्रोजेक्ट का कुल क्षेत्रफल 24.28125 एकड़ है, जिसके लिए 'डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चंडीगढ़' द्वारा लाइसेंस प्रदान किया गया है।
इस प्रोजेक्ट को RERA अथॉरिटी से मंजूरी मिल गई है, जिसका RERA रजिस्ट्रेशन नंबर HRERA-PKL-YNR-298-2022 (दिनांक 25.03.2022) है। 2.7625 एकड़ के अतिरिक्त क्षेत्र के लिए सप्लीमेंट्री रजिस्ट्रेशन, RERA अथॉरिटी द्वारा HRERA नंबर 7274 (दिनांक 03.04.2026) के तहत जारी किया गया है। यह सर्टिफिकेट वेबसाइट haryanarera.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है।
कंपनी के एचडीएफसी बैंक में तीन रेरा खाते हैं,जो नीचे दिए गए हैं:
खाता संख्या 50200065444081 (70% एस्क्रो खाता)
खाता संख्या 50200062568029 (30% निःशुल्क खाता)
खाता संख्या 50200065423252 (100% मास्टर खाता)
बैंक का नाम : एचडीएफसी बैंक
बैंक ब्रांच : सरिता विहार, नई दिल्ली
IFSC कोड : HDFC0000480
MICR कोड : 110240072 ब्रांच कोड : 480
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.10.2026
परियोजना प्रमुख
मैसर्स जयंत बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धनुष उर्फ लाडला, पुत्रः विजय कुमार, निवासीः डी–1/44, मदनगीर, अंबेडकर नगर, दिल्ली** ने **FIR No.: 033310/2024, U/s: 305(B)/317(2), भारतीय न्याय संहिता 2023, पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **धनुष उर्फ लाडला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **धनुष उर्फ लाडला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **धनुष उर्फ लाडला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 30.11.2026** या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री उदिता जैन गर्ग
एलडी. एसीजेएम, पश्चिम जिला, कमरा नंबर 145,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/15557/CD/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 सीआरपीसी देखिए।

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **राजेंद्र सिंह, पुत्रः श्री मोती सिंह, निवासीः दूसरी मंजिल, क्वार्टर नंबर 1563, टाइप–2, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पारा, गुलाबी बाग, मलका गंज, दिल्ली–110007** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **CC NI Act No. 3694/24 U/S 138 NI Act** के तहत **थाना पटेल नगर, दिल्ली** में यह मामला दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **राजेंद्र सिंह** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **राजेंद्र सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **CC NI Act No. 3694/24 U/S 138 NI Act थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **राजेंदर** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 03.12.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।
आदेशानुसार, श्री गौरव सिंगल,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (NI Act)-04
पश्चिम जिला, कमरा नंबर 4 (Annex-I)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/15427/CD/2026
(अदालती मामला)



नई दिल्ली

गुरुवार 29 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 192
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 30
न्यून. 16

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

चंद्रोदय का समय
रात 8:26 बजे

करवा चौथ की मंगलकामनाएं



haribhoomi.com



Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

हरदीप मप्र से भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार बने

भोपाल। जैसी संभावना थी, वही हुआ। भाजपा नेतृत्व ने प्रदेश से बाहर के केंद्रीय पेट्रोलियम एवं



प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर हरदीप पुरी को राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया गया है।

डॉ. भागवत ने समय सागर महाराज से लिया आशीर्वाद

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को राजधानी के रानी



कमलापति क्षेत्र स्थित जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे आचार्य समय सागर महाराज के दर्शन किए। इंदौर जाते समय भोपाल में रुके भागवत ने भगवान जिनेंद्र के दर्शन के बाद आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

नसीरुद्दीन शाह बोले- फख्र है, मैं दिमागी नक्सल हूं

मुंबई। अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने एक बार फिर सरकार पर निशाना साधते हुए खुद को 'दिमागी



नक्सल' बताया है। मंगलवार को फेसबुक पर साझा वीडियो में उन्होंने कहा कि उन्हें 'एंटी नेशनल' और 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' जैसे नाम दिए गए हैं। कहा कि देश में युवाओं का हौसला तोड़ने, संस्थानों को बर्बाद करने और लोकतंत्र को खतरे में डालने की कोशिश हो रही है।

एमएलसी चुनावों में एक भी सीट नहीं जीतने पर पीएम मोदी का कांग्रेस पर निशाना

4 बड़े राज्य.. 28 सीटें, आप अंदाजा लगाइए कांग्रेस ने कितनी सीटें जीती ?

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में कांग्रेस तीनों सीटें हार गई। बिहार की पांच सीटें भी सफाचट रहीं। कर्नाटक में कांग्रेस ने चार सीटें ही गंवा दीं। यूपी में सपा ने कांग्रेस को कोई सीट नहीं दी, इसलिए पार्टी वहां चुनाव मैदान में नहीं उतरी

चार राज्यों में विधान परिषद (एमएलसी) की 28 सीटों पर हुए चुनावों में कांग्रेस के खाता नहीं खोल पाने पर भाजपा ने राहुल गांधी और विपक्ष पर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतपत्रों से हुए चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन पर तंज कसते हुए सवाल किया कि



नरेंद्र मोदी

उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक की 28 सीटों में से पार्टी को कितनी सीटें मिलीं। दरअसल, इन चुनावों से पहले कांग्रेस के पास चार सीटें थीं, लेकिन इस बार वह एक भी सीट नहीं जीत सकी।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह टिप्पणी ऐसे समय की, जब कांग्रेस समेत विपक्षी दल ईवीएम में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करते रहे हैं। विपक्ष ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव होने ▸▸शेष पेज 5 पर

पहले कांग्रेस के पास चार सीटें थीं, लेकिन इस बार वह एक भी सीट नहीं जीत सकी



मतगणना करते हुए

चुनाव ईवीएम से हों.. या 'बैलेट' पेपर से, कांग्रेस को हार ही मिली

जनता का समर्थन मेहनत से मिलता है, वोट चोरी के आरोपों से नहीं

राहुल विदेश में सैर-सपाटे के बाद रैली की बात कर रहे

त्रिवेदी ने एक नवंबर को दिल्ली के



सुधांशु त्रिवेदी

रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की रैली और प्रस्तावित आंदोलन को लेकर भी राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल करीब दो सप्ताह तक विदेश में सैर-सपाटा करने के बाद लौटे हैं और अब ऐसे आंदोलन की बात कर रहे हैं, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन मेहनत से हासिल होता है, न कि केवल आरोप लगाने से। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन उत्तर प्रदेश और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पंजाब के दौरे पर हैं, जबकि राहुल गांधी विदेश में थे। उन्होंने कांग्रेस से वोट चोरी का मुद्दा उठाने के बजाए मेहनत करने की नसीहत दी।

पवन खेड़ा बोले- तो, अगले लोकसभा-विधानसभा चुनाव बैलेट से ही करवा लें



पवन खेड़ा

पीएम मोदी की टिप्पणी पर कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि उन्हें भरोसा है कि चुनाव नतीजों पर ईवीएम का असर नहीं पड़ता, तो उन्हें अपने कामों से भाजपा की चुनावी ताकत साबित करनी चाहिए। खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के सामने चार मांगें रखीं। पहला आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने का वादा किया जाए। दूसरा एसआईआर प्रक्रिया रोकी जाए और उनके दावे के मुताबिक, मतदाता सूची से हटाए गए 13.3 करोड़ मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़े ▸▸शेष पेज 5 पर

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की बात मानते रहेंगे, तो कांग्रेस समाप्त हो जाएगीः नवीन



नवीन ने बुधवार को दिल्ली में लाल किला चौक से टाउन हॉल चौक तक आयोजित पार्टी की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व किया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को दिल्ली में लाल किला चौक से टाउन हॉल चौक तक आयोजित पार्टी की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व किया और झूठ की राजनीति करने के लिए राहुल गाँधी को आड़े हाथों लेते हुए करारा प्रहार किया। पदयात्रा का शुभारंभ करते हुए नवीन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सत्ता और विपक्ष, दोनों में जनता के लिए संघर्ष करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का लक्ष्य दोहराते हुए कार्यकर्ताओं से लोकतंत्र की रक्षा का आह्वान किया। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल और रामवीर सिंह बिधूड़ी, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री जयप्रकाश, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। पदयात्रा में लोगों की अपार भीड़ उमड़ी।

एक परिवार की इच्छा देश की इच्छा बना रहे

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देने वाले विपक्ष के नेता राहुल गांधी संविधान की प्रति लेकर चलते हैं, लेकिन वास्तव में उन्हें संविधान से कोई मतलब नहीं है। 'खाता न बही, राहुल गांधी और उनका परिवार जो कहता है, कांग्रेस के सभी नेता उसी को सही मानते हैं।' इसी सोच के कारण आज कांग्रेस रसातल में जा रही है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की बात मानते रहेंगे, तो कांग्रेस समाप्त हो जाएगी। एक परिवार के कानून को देश का कानून बनाने और परिवार की इच्छा को देश की इच्छा मानने का प्रयास करने वाले कांग्रेस के नेताओं से मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ें इतनी मजबूत हैं कि आपने आपातकाल लगाकर भी देख ▸▸शेष पेज 5 पर

मोदी सरकार ने दी दीपावली की सौगात

केंद्रीय कर्मियों का डीए 3% बढ़ा, जुलाई से होगा लागू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स को मिलेगा फायदा
- सबसे निचले कर्मचारी को 540 और कैबिनेट सचिव लेवल के अफसर को 7500 महीने का फायदा
- सरकार इस पर करीब 10 हजार करोड़ खर्च करेगी

केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स की दिवाली थोड़ी और रोशन हो गई है। सरकार ने त्योहार से ठीक 10 दिन पहले उनके महंगाई भत्ते में 3% बढ़ोतरी कर दी है। ताजा बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता यानी डीए 63% हो जाएगा। सरकार इस पर 10 हजार करोड़ खर्च करेगी। बुधवार 28 अक्टूबर को कैबिनेट ▸▸शेष पेज 5 पर

1.37 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला

आखिर, अर्नब चक्रवात आंध्र के तट से टकराया

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद



भीषण चक्रवाती तूफान अर्नब बुधवार सुबह 2 से 8 बजे के बीच बापटला और विशाखापत्तनम के बीच तट से टकराया। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान हवाओं की रफ्तार 125 से 135 किमी प्रति घंटा रही, जबकि झोंके 150 किमी प्रति घंटे तक पहुंचे। तूफान के कारण भारी बारिश हुई। विशाखापत्तनम के वॉल्टेयर में 216.9 मिमी, कलिंगपट्टनम में 147.5 मिमी और काकीनाडा ▸▸शेष पेज 5 पर



दिल्ली में 43 लाख मतदाताओं के नाम हटाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

आयोग ने भरोसा दिलाया कि किसी पात्र मतदाता को सूची से बाहर नहीं रहने दिया जाएगा

जो वोटर उनसे फॉर्म-6 क्यों भरवा रहे ? पता बदलने पर फॉर्म-8 का विकल्प दें

- जिन लोगों को मतदाता गणना का फॉर्म मिला ही नहीं, उनके लिए समाधान होना चाहिए
- केवल देरी के आधार पर किसी पात्र व्यक्ति का दावा खारिज नहीं किया जाना चाहिए
- चुनाव आयोग ने समयसीमा बढ़ाने के संकेत दिए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से सवाल किया कि मसौदा सूची से बाहर किए गए करीब 43 लाख लोगों, जिनके नाम 'स्थानांतरित या अनुपस्थित' श्रेणी में हैं, को दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरने को क्यों कहा जा रहा है। यह फॉर्म पहली बार मतदाता बनने वालों के पंजीकरण के लिए है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि पहले से मतदाता रहे लोगों को नए पंजीकरण की घोषणा करने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। आयोग ने भरोसा दिलाया कि किसी पात्र मतदाता को सूची से बाहर नहीं रहने दिया जाएगा और आवेदन की समयसीमा बढ़ाई जाएगी। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। अदालत ने कहा कि काम के सिलसिले में एक-दो महीने के लिए दूसरे स्थान पर जाने का अर्थ स्थायी रूप से निवास बदलना नहीं है। आयोग को ऐसे लोगों से संपर्क करने की पहल करनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि जिन लोगों को मतदाता गणना का फॉर्म मिला ही नहीं, उनके लिए समाधान होना चाहिए। अंतिम सूची तैयार होने तक केवल देरी से आवेदन करने के आधार पर किसी पात्र व्यक्ति का दावा खारिज नहीं किया जाना चाहिए।



तार्किक विसंगतियों पर फैसला बाकी

सुनवाई में लाखों नामों की मैपिंग नहीं होने और तार्किक विसंगतियों के आधार पर नाम हटाने का मुद्दा भी उठा। न्यायमूर्ति बागची ने स्पष्ट किया कि बिहार में एसआईआर पर दिए गए आदेशों से दिल्ली के सभी सवालों का समाधान नहीं होता। तार्किक विसंगतियों के आधार पर नाम हटाने की वैधता पर अदालत ने अभी अंतिम फैसला नहीं दिया है। इस मुद्दे पर आगे सुनवाई होगी। दिल्ली में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर 2026 तय है। इनके निपटारे के लिए 30 नवंबर और अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के लिए चार दिसंबर की तारीख निर्धारित है।

हटाए गए नामों का कारण सार्वजनिक करें

सुप्रीम कोर्ट ने हटाए गए मतदाताओं की सूची सार्वजनिक करने और सरल हिंदी व स्थानीय भाषाओं में नाम हटाने का कारण बताने की जरूरत जताई। इससे संबंधित लोगों को अपनी स्थिति समझने और नाम जुड़वाने के लिए जरूरी कदम उठाने में मदद मिलेगी।

खबर संक्षेप

2 मोटरसाइकिल बरामद 2 वाहन चोर गिरफ्तार

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीमों ने वाहन चोरी के अलग-अलग



मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे चोरी की 2 मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा ने थाना डबुआ के एक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में शंभू ठाकुरी निवासी सूरजकुंड को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद की है।

सट्टा खाई करते चार आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने 27 अक्टूबर 2026 को अलग-अलग मामलों में



कार्रवाई करते हुए सट्टा खाई करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 24,200 की नकदी और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि अपराध की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि भोजपुरी चौक के पास एक व्यक्ति सट्टा खाई कर रहा है।

यथार्थ हॉस्पिटल ने शुरू की एम्बुलेंस सेवा



फरीदाबाद। विश्व स्ट्रोक दिवस के अवसर पर यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल सेक्टर-20ए फरीदाबाद ने स्ट्रोक के मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए समर्पित स्ट्रोक हेल्पलाइन 7669999225 और एम्बुलेंस सेवा शुरू की। इसका उद्देश्य आपातकालीन चिकित्सा सहायता को सुलभ बनाना और स्ट्रोक के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। फरीदाबाद के अध्यक्ष डा. राजीव गुम्बर की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर यथार्थ ग्रुप के ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एवं प्रेसिडेंट फाइनेंस नितिन गुप्ता, फैसिलिटी डायरेक्टर अजय भारद्वाज तथा न्यूरोलॉजी विभाग के चेयरमैन एवं ग्रुप डायरेक्टर डॉ. प्रो. कुणाल बहरानी मौजूद रहे।

टेक्नोलॉजी, ऑपरेशंस और प्रोडक्ट मैनेजमेंट में भर्ती, नए स्नातकों को भी मिलेगा मौका

अमेरिकी कंपनी एसेटमार्क के ग्लोबल सेंटर से गुरुग्राम के युवाओं को भी रोजगार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

अमेरिका की वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म कंपनी एसेटमार्क ने हैदराबाद में अपना ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) शुरू किया है। करीब 500 कर्मचारियों की क्षमता वाले इस केंद्र में भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। कंपनी तकनीक, परिचालन और उत्पाद प्रबंधन के क्षेत्र में अनुभवी पेशेवरों से लेकर करियर की शुरुआत कर रहे युवाओं तक को अवसर देगी।

इस विस्तार से गुरुग्राम समेत देश के अन्य शहरों के योग्य पेशेवरों के लिए भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होने की संभावना है, हालांकि कंपनी ने गुरुग्राम में अलग से भर्ती की घोषणा नहीं की है।

फीनिक्स हाईटेक सिटी स्थित इस केंद्र में कंपनी की वैश्विक तकनीक और कारोबारी गतिविधियों को मजबूत किया जाएगा। भारत में केंद्र का नेतृत्व उपाध्यक्ष जोशी अलपार्थी करेंगे। टीम अमेरिका में मौजूद सहयोगियों के साथ मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंजीनियरिंग और ग्राहक सेवाओं को बेहतर बनाने पर काम करेगी।

एसेटमार्क के चेयरमैन एवं ग्रुप सीईओ लू मायूरी ने कहा कि हैदराबाद का तकनीकी और वित्तीय सेवा क्षेत्र कंपनी के वैश्विक विस्तार के लिए उपयुक्त है। चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर कैरी हैनसेन के अनुसार, नया केंद्र सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देगा। कंपनी चैतन्य भारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से शुरुआती चरण में 10 से 15 स्नातकों की भर्ती भी करेगी।

> कंपनी चैतन्य भारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से शुरुआती चरण में 10 से 15 स्नातकों की भर्ती भी करेगी

टीम ग्राहक सेवाओं को बेहतर बनाने पर काम करेगी

तकनीक और कारोबारी गतिविधियों को मजबूत किया जाएगा

कंपनी एआई से, इंजीनियरिंग और ग्राहक सेवाओं को बेहतर बनाने पर काम करेगी

एमडी एवं सीईओ बने शरद माथुर

गुरुग्राम। इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड समूह की कंपनी इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस ने वैधानिक मंजूरी मिलने के बाद शरद माथुर को प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी पहले रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के नाम से जानी जाती थी। माथुर को बीमा और वित्तीय सेवा क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव है। इससे पहले वह यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस में छह साल से अधिक समय तक एमडी एवं सीईओ रहे। एसबीआई



जनरल इंश्योरेंस और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड में भी नेतृत्व की जिम्मेदारियां संभाली हैं। नई भूमिका में माथुर कंपनी के विकास, डिजिटल नवाचार, ग्राहक सेवाओं में सुधार और बीमा की पहुंच बढ़ाने पर ध्यान देंगे। प्राथमिकताओं में वितरण साझेदारियों को मजबूत करना, लाभदायक विकास को बढ़ावा देना बेहतर कॉरपोरेट गवर्नेंस सुनिश्चित करना शामिल है।

कारोबारी विस्तार को नई दिशा मिलेगी

माथुर इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स के फेलो सदस्य और इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनल ऑडिटर्स, इंडिया के सदस्य हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिल्वेनिया, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल सहित संस्थानों में कार्यकारी नेतृत्व एवं अनुपालन से संबंधित अध्ययन किया है। उनके नेतृत्व में ग्राहक-केंद्रित सेवाओं, तकनीकी क्षमताओं और कारोबारी विस्तार को नई दिशा मिलेगी।

मंत्री गुर्जर ने कहा-प्रदर्शन के नाम पर हिंसा, अभद्र भाषा और अराजकता फैलाना स्वीकार्य नहीं

भारत की तरक्की रोकने के लिए जानबूझकर अराजकता फैला रही है कांग्रेस और देश विरोधी ताकतें: कृष्णपाल गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कमल फरीदाबाद में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर देश में अराजकता का माहौल बनाने, संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने और युवाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन करना हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन प्रदर्शन के नाम पर हिंसा, अभद्र भाषा और अराजकता फैलाना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस और विपक्षी दलों की राजनीति का उद्देश्य जनहित के मुद्दों का समाधान करना नहीं, बल्कि किसी भी तरह सत्ता हासिल करना रह गया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के मुद्दे से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने के नारों तक पहुंच गया। यदि विपक्ष वास्तव में युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित है, तो उसे समस्याओं के समाधान पर चर्चा करनी चाहिए, न कि देश में अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास करना चाहिए। गुर्जर आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कमल फरीदाबाद में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि चुनावों में लगातार मिल रही हार से कांग्रेस बौखला गई है। कांग्रेस और विपक्षी दल युवाओं को गुमराह करके देश में अस्थिरता पैदा करना चाहते हैं, लेकिन उनके ये मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। देश की जनता सब कुछ देख रही है और वह अराजकता की राजनीति के बजाय विकास सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे रही है। कांग्रेस के नेता हाथ में संविधान लेकर चलते हैं।

प्रदर्शन के नाम पर हिंसा, अभद्र भाषा और अराजकता फैलाना

देश में अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास करना



देश में अमन-शांति और सुरक्षा का माहौल है

गुर्जर ने कहा कि आज देश में अमन-शांति और सुरक्षा का माहौल है। नक्सलवाद और आतंकवाद खत्म हो गए हैं, देश आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है और भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी सशक्त कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और आर्थिक प्रगति कुछ देश.विरोधी एवं विदेशी ताकतों को रास नहीं आ रही है। श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस जानबूझकर भारत की तरक्की में बाधा डालने का प्रयास कर रही है। अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संस्थानों के आकलन में भी भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प राष्ट्र प्रथम और विकसित भारत है। अपशब्दों, विरोध और अराजकता से उनके संकल्प को कमजोर नहीं किया जा सकता, कितने भी अपशब्द बोलो मोदी जी को उनको लक्ष्य से भटकाया नहीं जा सकता। कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत 1 नवंबर को सुबह 10 बजे एनआईटी स्थित बीके चौक से हार्डवेयर चौक तक पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें गुरुग्राम और फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्रों से 20 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है।

विपक्ष का उद्देश्य केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटानाः मंत्री गुर्जर

गुर्जर ने कहा कि विपक्ष का उद्देश्य केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाना है, लेकिन उसके राजनीतिक मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां सत्ता का फैसला जनता के मताधिकार और जनादेश से होता है, ना कि अराजकता से। गुर्जर ने कहा कि तिरंगे के सम्मान की बातें करने वाले कांग्रेस को अपने राजनीतिक आचरण पर भी विचार करना चाहिए। उन्होंने कभी भी कश्मीर में तिरंगे के सम्मान के लिए कुछ नहीं किया, न कभी कोई तिरंगा यात्रा निकाली, न कभी लाल चौक पर तिरंगा फहराया, जबकि मोदी जी ने 1991 में लाल चौक पर तिरंगा लहराया।

सूचियों का पुनरीक्षण किया गया

एसआईआर पर गुर्जर ने कहा कि यह प्रक्रिया देश में पहली बार नहीं हो रही है, बल्कि आजादी के बाद कई बार मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया गया है। आजादी के बाद वर्ष 1952, 1957, 1962, 1965, 1966, 1983, 1984, 1987, 1989, 1992, 1995, 2002, 2003 और 2004 में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया जाता रहा है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्ष को लेकर भ्रामक प्रचार कर रहे हैं और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा कर रहे हैं। कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही उसके आरोपों पर सवाल खड़े करता है। ये तो उनकी अपनी पार्टी में वोट चोरी करते हैं, कांग्रेस में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को ज्यादा वोट मिली और और पंडित जवाहरलाल नेहरू को कम लेकिन इन्होंने नेहरु को प्रधानमंत्री बनाया। 2014 से पहले कैसे वोट चोरी होती थी सबको पता है बेलेट पत्र और बूथ तक लूट लिए जाते थेए हत्या होती थी, बूथ केप्चरिंग होती थी, रिपोलिंग होती थी।

अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से हो पालनः डीसी आयुष सिन्हा

डीसी ने सेक्टर-12 खेल परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बुधवार को सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था और रखरखाव से संबंधित प्रबंधों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीटीएम अंकित कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन उपकरणों, साफ-सफाई तथा सुरक्षा से जुड़े अन्य इंतजामों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था की नियमित निगरानी और उपकरणों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त आयुष सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

कूड़ा निस्तारण पर फरीदाबाद में महासंग्राम

कूड़े के डर से भांखरी के लोगों को राहत, अब प्रतापगढ़ वालों

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

औद्योगिक नगरी में कूड़े को लेकर हंगामा थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि निगम की ओर से जहां पर कूड़ा डालने और निस्तारित करने की योजना तैयार की जाती है। वहां के लोग भडक़ जाते हैं। मंगलवार को केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा था कि प्रतापगढ़ निस्तारण प्लांट की क्षमता बढ़ाई जाएगी। जिसको लेकर लोगों के मन में डर बैठ गया कि वहां पर कूड़े का पहाड़ बड़ा कर दिया जाएगा।

इस समस्या को लेकर ही बुधवार को वार्ड-एकसे पार्षद मुकेश डागर के साथ सैकड़ों लोग सेक्टर-28 में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के निवास पर पहुंच गए। जहां पर मंत्री ने कहा कि तीन महीने में सारा कूड़ा निस्तारित करने का पूरा प्रयास रहेगा। इसके बाद प्रतापगढ़ में केवल एनआइटी का कूड़ा ही जाएगा। औद्योगिक नगरी से 1200 टन कूड़ा प्रतिदिन निकलता है। जबकि 300 टन ही निस्तारित हो पा रहा है। 300 टन कूड़ा प्रतापगढ़ और मुजेड़ी में निस्तारित हो रहा है। बाकी कचरा शहर की सडक़ों पर अलग-अलग पर डाला जा रहा है।

विधायक गुर्जर ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः54 जोड़ों का सामूहिक विवाह विधायक ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत बुधवार को विकास खण्ड लोनी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 54 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 18, अन्य पिछड़ा वर्ग के 7, सामान्य वर्ग के 12 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के 17 जोड़े शामिल हुए। इनमें 37 हिन्दू जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार फेरे एवं जयमाल की रस्मों के साथ तथा 17 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न कराया गया। विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाददिया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक विवाहित



जोड़े को 21,000 रुपये की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है। इसमें वर-वधु के कपड़े, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी सहित अन्य सामग्री शामिल है। इसके अतिरिक्त योजना के प्रावधानों के अनुसार कन्या के बैंक खाते में 64,000 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जाता है। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी तथा खण्ड विकास अधिकारी, लोनी सुश्री विन्नी यादव उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखी एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

गेमिंग-गैंबलिंग की लत से मिलेगी राहत

गुरुग्राम में अदायु ने शुरू किया नया क्लीनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

ऑनलाइन गेमिंग, गैंबलिंग और सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल से जूझ रहे लोगों को अब गुरुग्राम में विशेषज्ञ देखभाल मिल सकेगी। फोर्टिस हेल्थकेयर के मनोरोग एवं नशामुक्ति अस्पताल अदायु ने सेक्टर-38 में बिहेवियरल एडिक्शन क्लीनिक शुरू किया है। यहां मरीजों को व्यक्तिगत उपचार, मनोवैज्ञानिक परामर्श और पारिवारिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ. बिष्णु पाणिग्रहि, ग्रुप हेड-मेडिकल स्ट्रैटेजी एंड ऑपरेशंस, फोर्टिस हेल्थकेयर ने कहा कि समय रहते समस्या की पहचान और व्यक्ति की जरूरत के अनुसार उपचार से मानसिक स्वास्थ्य पर पडऩे वाले नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है।



वहीं, डॉ. समीर पारीख, चेयरपर्सन, फोर्टिस नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम एवं अदायु ने स्पष्ट किया कि अधिक गेमिंग या डिजिटल इस्तेमाल का हर मामला लत नहीं होता। समस्या तब गंभीर हो सकती है, जब व्यक्ति नुकसान के बावजूद अपने व्यवहार पर नियंत्रण नहीं रख पाता और उसकी पढ़ाई, काम, नींद या रिश्ते प्रभावित होने लगते हैं। क्लीनिक में मनोरोग एवं मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, व्यक्तिगत और पारिवारिक थेरेपी तथा जरूरत के अनुसार जीवनशैली संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

एडीएम सिटी की अध्यक्षता में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक

जिला प्रशासन ने किया 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0' का शुभारंभ

अवैध नशीला पदार्थों पर कसें शिकंजा विकास कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिला प्रशासन ने 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0' का शुभारंभ किया। जिसके मद्देनजर जनपद में मादक पदार्थों नारकोटिक्स की बिक्री व तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन पर एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक हुई। एडीएम सिटी ने जनपद गाजियाबाद में छात्र-छात्राओं के सुरक्षित एवं स्वस्थ



शैक्षणिक वातावरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने विद्यालयों के आसपास नशे से संबंधित दुकानों के संचालन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। विभागों को निर्देशित किया है कि विद्यालयों के निर्धारित दायरे में किसी भी प्रकार की शराब, तंबाकू या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों के समीप नशे की दुकानों का संचालन न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे विद्यार्थियों के भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। निर्देशित किया कि इस संबंध में नियमित निरीक्षण किया जाए तथा उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को एक सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान किया जा सके। उन्होने निर्देश दिए कि जनपद में होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट, सार्वजनिक स्थलों संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित जांच अभियान संचालित किए जाएं। नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं।

उद्देश्य पात्र मतदाताओं के नाम सुनिश्चित करना और सूची की त्रुटियों को दूर करना

एसआईआर के नाम पर जनता को गुमराह करना बंद करे कांग्रेसः गौरव गौतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा सरकार के खेल एवं युवा राज्य मंत्री गौरव गौतम ने एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय गुरुकमल में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत पत्रकारों से बाचतीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस को राजनीतिक लाभ के लिए चुनाव आयोग पर आरोप लगाने के बजाय तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखनी चाहिए। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, जिला महामंत्री मनीष सैदपुर, जिला मीडिया प्रभारी अजय दुआ, जिला मीडिया सह-प्रभारी पीयूष सैनी और कृतिक जैन सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरव गौतम ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं के नाम सुनिश्चित करना और सूची की त्रुटियों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने के बजाय कांग्रेस को जनता



को सही जानकारी देनी चाहिए। किसी मतदाता को समस्या होने पर उसके समाधान के लिए संवैधानिक और प्रशासनिक व्यवस्थाएं मौजूद हैं। राज्य मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को सवाल उठाने का अधिकार है, लेकिन आरोप तथ्यों और प्रमाणों पर आधारित होने चाहिए। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का विश्वास प्रभावित हो सकता है।

जनसंपर्क पर ध्यान देना चाहिए

गौरव गौतम ने तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी को अपनी संगठनात्मक कमियों और जनसंपर्क पर ध्यान देना चाहिए, न कि चुनावी प्रक्रियाओं पर आरोप लगाकर जिम्मेदारी से बचना चाहिए। भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों और निष्पक्ष चुनावी व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध है। भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर एसआईआर की जानकारी देंगे और मतदाताओं की शंकाओं के समाधान में सहयोग करेंगे।

अपर जिलाधिकारी ने की आमजन से सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपील

29 एवं 30 अक्टूबर को आंधी-तूफान, ओलावृष्टि एवं वज्रपात के साथ भारी वर्षा की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया ऐलो अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मौसम विभाग, उत्तर प्रदेश ने जनपद गाजियाबाद में 29 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2026 तक आँधी-तूफान, ओलावृष्टि एवं वज्रपात के साथ भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त करते हुए ऐलो अलर्ट जारी किया गया है।

इस संबंध में अपर जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान विशेष सतर्कता बरतें तथा अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखें। इसको लेलर अलर्ट भी जारी किया गया। उन्होंने अपील की है कि आमजन रेडियो, टेलीविजन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से मौसम संबंधी नवीनतम जानकारी प्राप्त करते रहें। अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें तथा आँधी-तूफान एवं ओलावृष्टि के दौरान यात्रा करने से बचें। पुराने एवं जर्जर भवनों, कच्ची दीवारों से दूर रहें तथा पेड़ों के नीचे शरण न लें। विद्युत तारों एवं विद्युत पोल के नीचे अथवा आसपास खड़े न हों। निर्माण कार्यों में प्रयोग किए जाने वाले टीन शेड आदि को मजबूती से बाँधकर रखें तथा उनसे पर्याप्त दूरी बनाए रखें। अपर जिलाधिकारी ने कृषकों से अपील की है कि खेतों में पहले से कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखकर ढक दें तथा भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि के दौरान खेतों में जाने से बचें। बच्चों एवं बुजुर्गों को घर के अंदर सुरक्षित रखें। मौसम संबंधी जानकारी के लिए गूगल प्ले स्टोर से 'सचेत' ऐप डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की चिकित्सीय सहायता की आवश्यकता होने पर टोल फ्री नंबर 108 एवं 102 पर कॉल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

डीएसआईआईडीसी के नए एप से ग्राहक 208 सरकारी दुकानों पर कर सकेंगे बुकिंग

दिल्ली में शराब की ऑनलाइन बुकिंग शुरू, लॉन्च हुआ ऐप

- भुगतान के बाद 48 घंटे में ठेके से शराब लेनी होगी
- घर पर नहीं मिलेगी डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) ने शराब की ऑनलाइन बुकिंग के लिए 'दिल्ली लिकर बुकिंग' नाम से मोबाइल एप शुरू किया है। इस एप के माध्यम से ग्राहक अपनी पसंद का ब्रांड चुनकर ऑनलाइन बुकिंग और भुगतान कर सकेंगे। हालांकि, शराब की होम डिलीवरी की सुविधा नहीं दी गई है। बुकिंग करने के बाद ग्राहकों को संबंधित दुकान पर जाकर ही शराब लेनी होगी। 'दिल्ली लिकर बुकिंग' एप के माध्यम से ग्राहक उपलब्ध शराब के ब्रांड देख सकते हैं। इसके बाद वे अपनी पसंद की दुकान चुनकर बोतल का साइज और मात्रा तय कर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जिससे ग्राहकों को दुकान पर पहुंचने से पहले अपनी पसंद का ब्रांड चुनने में आसानी होगी। ऑनलाइन बुकिंग और भुगतान पूरा होने के बाद ग्राहक को एक क्यूआर कोड मिलेगा। शराब की दुकान पर इस कोड को स्कैन करके ग्राहक अपना ऑर्डर प्राप्त कर सकेंगे। इससे दुकान पर खरीदारी की प्रक्रिया आसान बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। इस सुविधा का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को समय सीमा का ध्यान रखना होगा। ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद 48 घंटे के भीतर संबंधित ठेके से शराब लेनी होगी। यानी ग्राहक पहले से अपनी पसंद का ब्रांड बुक कर सकते हैं, लेकिन उन्हें तय समय के अंदर दुकान पहुंचना होगा। एप पर शराब प्राप्त करने से पहले बुकिंग रद्द करने का विकल्प भी दिया गया है। हालांकि, एक बार उत्पाद खरीद लेने या प्राप्त कर लेने के बाद उसे वापस नहीं किया जा सकेगा। आबकारी नियमों के अनुसार, एक व्यक्ति अपने पास अधिकतम नौ लीटर व्हिस्की और 18 लीटर बीयर रख सकता है।

दिल्ली में 4 सरकारी निगमों के जरिए 700 से ज्यादा दुकानों पर शराब की बिक्री होती है। लेकिन ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा फिलहाल डीएसआईआईडीसी के 208 आउटलेट्स तक ही सीमित है। ऐसे में दिल्ली के सभी शराब ठेकों पर इस सुविधा का लाभ अभी नहीं मिलेगा।



लोगों को दुकानों पर लंबी कतारों में लगने से मिलेगा छुटकारा

इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य शराब की दुकानों पर लगने वाली लंबी कतारों को कम करना और भुगतान काउंटरों पर भीड़ का दबाव घटाना है। इसके साथ ही ऑनलाइन भुगतान और बुकिंग से बिलिंग में पारदर्शिता बढ़ाने की कोशिश की गई है। ग्राहकों को भी दुकान पर पहुंचने से पहले उपलब्ध ब्रांड और बोतल का साइज चुनने की सुविधा मिलेगी।

डीएसआईआईडीसी के ऑनलाइन शराब बुकिंग ऐप को पिछली सरकार ने मंजूरी दी थी: अधिकारी

दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) ने बुधवार को कहा कि शराब की ऑनलाइन बुकिंग के लिए एप के लिए अनुमति 2024 में तत्कालीन सरकार ने खुदरा बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और किसी खास ब्रांड को बढ़ावा देने से रोकने के लिए दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आवश्यक परीक्षणों के बाद डीएसआईआईडीसी ने 'दिल्ली लिकर बुकिंग' एप शुरू किया। उन्होंने बताया कि इसके जरिये ग्राहक शराब की बुकिंग कर सकते हैं और निगम की शराब दुकानों से उसे ले सकते हैं। डीएसआईआईडीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पारदर्शिता, डिजिटल शासन सुनिश्चित करने और किसी खास ब्रांड को बढ़ावा देने से रोकने के लिए डीएसआईआईडीसी ने नवंबर 2025 में 'दिल्ली लिकर बुकिंग' एप शुरू किया था। इससे पहले,एप विकसित करने की मंजूरी डीएसआईआईडीसी प्रबंधन ने दिसंबर 2024 में दी थी। एप विकसित करने के लिए दो जनवरी 2025 को कार्यादेश जारी किया गया था। एप शुरू होने के पहले वर्ष यानी वित्त वर्ष 2025-26 में इसके जरिये करीब 13 लाख रुपये की शराब की बिक्री हुई। इस दौरान कुल 3,629 लेनदेन किए गए। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक 10,730 लेनदेन के जरिये करीब 30 लाख रुपये की शराब की बोतलें बेची जा चुकी हैं।

भाजपा सरकार शराब पॉलिसी 24 घंटे में वापस लें, नहीं तो होगा प्रदर्शन: भारद्वाज

नई दिल्ली। पंजाब में आप सरकार पर नशे को लेकर हमलावर रुख अपना रही भाजपा को लेकर दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी ने पलटवार करते हुए तंज कसा है। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की पॉलिसी , हर-हर रेखा, घर-घर ठेका। इससे साफ हो गया है कि सीएम रेखा गुप्ता ने घर बैठे शराब बुक करने की पॉलिसी लाकर राजधानी की महिलाओं को करवा चौथ का तोहफा दिया है। उन्होंने मोर्चा खोलते हुए कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार को शराब कारोबारियों की बड़ी चिंता है, लेकिन दवा, किताब, समय पर एंबुलेंस की कोई चिंता नहीं है। भारद्वाज ने ऐलान किया कि अगर रेखा सरकार अगले 24 घंटे के अंदर यह पॉलिसी वापस नहीं लेती है तो पार्टी एक बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि जहां ततकालीन कांग्रेस सरकार ने हर वार्ड में 10-15 दुकानें खोली, वहीं अब भाजपा सरकार दो कदम आगे बढ़ते हुए घर बैठे बुकिंग द्वारा शराब पहुंचाने जा रही है। बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के अस्पतालों में कोई बेचारा मरीज आता है, पांच घंटे डायलिसिस कराता है और फिर पांच घंटे लाइन में लगा रहता है कि दवाई मिलेगी या नहीं। लेकिन इससे सीएम रेखा गुप्ता को कोई फर्क नहीं पड़ता कि मरीज लाइन में क्यों लगे हुए हैं। सीएम को इस बात की चिंता जरूर है कि शराबी लाइन में क्यों लगे हैं, उसे तो घर बैठे ही शराब मिलनी चाहिए। आखिर उसे शराब पीकर घर में बीवी को पीटना है, पड़ोसियों से भी तो लड़ना है। भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा कराए गए महिलाओं के मुफ्त बस सफर को इनसे देखा नहीं गया।

शराब की ऑनलाइन बुकिंग शुरू करना भाजपा सरकार की प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शराब की ऑनलाइन बुकिंग के लिए 'लिकर एप' लॉन्च करने पर भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि सरकार को युवाओं के भविष्य, रोजगार, शिक्षा और प्रदूषण की चिंता करने के बजाय शराब की ऑनलाइन बिक्री को बढ़ावा देने की चिंता है। भाजपा सरकार दिल्ली की समस्याओं का समाधान करने के बजाय शराब को बढ़ावा देने में जुटी है, जो उसकी जनविरोधी प्राथमिकताओं को उजागर करता है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछली आम आदमी पार्टी सरकार की भ्रष्ट शराब नीति से कोई सबक नहीं सीखा है। भाजपा सरकार का इरादा भी दिल्ली शराब बुकिंग एप लॉन्च करके सरकारी खजाने को भरने और बेरोजगार युवाओं को बर्बाद करने का है। एप के जरिए लोग एक निर्धारित स्टोर से अधिक से अधिक 9 शराब की बोतले और 19 बियर की बोतले मंगवाने के लिए ऑनलाइन पहले बुक करने उसका भुगतान करने के बाद उक्त स्टोर से ही मिलेगी। यादव ने कहा कि यह दिल्ली कांग्रेस ही थी जिसने अत्यधिक रियायती दरों पर शराब बेचने की केजरीवाल सरकार की भ्रष्ट शराब नीति के खिलाफ एक दृढ़ अभियान चलाया और दिल्ली आबकारी नीति जिसमें अनधिकृत कॉलोनियों सहित दिल्ली के हर कौने में शराब के ठेके खोले थे, जिसका भाजपा शासित एमसीडी ने आंखें मूंद कर निर्विरोध समर्थन किया। कांग्रेस ने पूरी दिल्ली में शराब घोटाले को उजागर किया और हमारी शिकायत पर उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच के आदेश दिए और मुख्यमंत्री केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन को जेल भिजवाया।

टाटा पावर ने किया दिल्ली-पानीपत-करनाल आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

टाटा पावर-डीडीएल ने आगामी दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत (आरआरटीएस) कॉरिडोर पर इलेक्ट्रिकल यूटिलिटीज के स्थानांतरण में सहायता के लिए नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन लिमिटेड (एनसीआरटीएस) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत (आरआरटीएस) कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 136.3 किलोमीटर है और इस पर कुल-मिलाकर 21 स्टेशन हैं। जिनमें 6 दिल्ली और 15 स्टेशन हरियाणा में स्थित होगें। इस कॉरिडोर के चालू होने के बाद एनसीआर के लाखों लोगों को निर्बाध और तेज रफ्तार ट्रांसपोर्ट सिस्टम का लाभ मिलेगा। कंपनी ने बताया कि नमो भारत ट्रेन अधिकतम 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है। इसकी सामान्य औसत रफ्तार 160 किमी प्रति घंटा होगी और हर 5 से 10 मिनट की ट्रेन फ्रीक्वेंसी होगी। कॉरिडोर में 124.82 किमी एलीवेटेड और 11.48 किमी अंडरग्राउंड ट्रैक शामिल हैं। कंपनी ने बताया कि टाटा पावर-डीडीएल की तरफ से कस्टमर एक्सपीरियंस, कमर्शियल एंड कॉपोरेट कम्युनिकेशंस चीफ किरण गुप्ता तथा एनसीआरटीसी की तरफ से विजय कुमार, कंपनी सचिव ने राहुल कुमार, हैड एससीएम, अनुराग खुराना, एचओडी (जी एंड आई, एनबीएस एंड इलेक्ट्रिफिकेशन) समेत दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। कंपनी के अनुसार इस राष्ट्रीय महत्व की पहल की भारत सरकार के पीएमजी पोर्टल के माध्यम से निगरानी की जा रही है। एमओयू के प्रावधानों के अनुसार, टाटा पावर-डीडीएल इस संबंध में आवश्यक निगरानी करने के साथ-साथ ईएचवी, एचटी, एलटी इलेक्ट्रिकल नेटवर्कों की शिफ्टिंग, री-लोकेशन संबंधी मंजूरियां प्रदान करेगा। जिससे की प्रस्तावित दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत (आरआरटीएस) कॉरिडोर पर बेरोकटोक तरीके से काम चलता रहे। इसके साथ ही, सुरक्षा, विश्वसनीयता तथा वैधानिक मानकों का भी पालन सुनिश्चित किया जाए। इस कॉरिडोर में 765 केवी, 400 केवी, 132 केवी, 66 केवी समेत 38 ईएचवी ट्रांसमिशन लाइन हैं। जबकि 33 केवी, 11 केवी और 415 वी पर भी कई लाइनें हैं। इनके अलावा, अन्य कई बिजली उपकरण जैसे ट्रांसफॉर्मर आदि भी शामिल हैं। इन सुविधाओं का प्रबंधन बीएसईएस, टाटा पावर-डीडीएल, यूएचबीवीएनएल, एचवीपीएनएल, पावर ग्रिड, बीबीएमबी, और जेकेटीपीएल समेत कई एजेंसियों द्वारा किया जाता है।



बीएस-4 तक वाहनों के प्रतिबंध पर ट्रांसपोर्टरों में भारी गुस्सा, कहा ब्लैंकेट बैन से व्यापार होगा चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रदूषण के मद्देनजर बीएस-4 तक के सभी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध पर ट्रांसपोर्टरों का गुस्सा फूट रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने एक सुर में कहा है कि इस प्रकार ब्लैंकेट बैन से हमारा पूरा धंधा ही चौपट हो जाएगा। इस मुद्दे पर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. हरीश सभरवाल व आल इंडिया मदर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम ट्रांसपोर्टरों के साथ बड़ी नाइंसाफी वाला है। ऐसे फैसले को बिना किसी जमीनी अध्ययन के लेकर सरकार ने लाखों लोगों को भूखमरी के कगार पर लाने का कार्य किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि सरकार इस फैसले को वापस नहीं लेती है तो ट्रांसपोर्टर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन और चक्का जाम करने को तैयार है। डॉ. हरीश सभरवाल ने बताया कि दिल्ली में रोजाना लगभग 10 से 12 हजार बाहरी गाड़ियां आती हैं। लेकिन दूसरी तरफ प्रतिबंध से एनसीआर क्षेत्र की करीब 2.5 लाख गाड़ियां इसकी चपेट में आ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध से ट्रांसपोर्टरों के लोन की भारी-भरकम व मासिक किस्तों को चुकाने की सबसे गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी। ट्रांसपोर्टरों ने मांग की है कि यदि सरकार प्रतिबंध लगा रही है, तो इन तीन महीनों के दौरान वाहन चालकों की बैंक किस्त माफ की जाए या सरकार इसमें आर्थिक सहयोग करे। वहीं राजेंद्र कपूर ने सुझाव दिया कि सरकार को तानाशाही रवैया अपनाने के बजाय 15 दिन का एक पायलट प्रोजेक्ट चलाना चाहिए। यदि इस प्रोजेक्ट से प्रदूषण स्तर में स्पष्ट व वास्तविक कमी दर्ज होती है तो इसे लागू किया जाना चाहिए। बिना किसी प्रायोगिक अध्ययन के थोपे गए इन फैसलों से न केवल ट्रांसपोर्ट व्यापार बर्बाद होगा, बल्कि दिल्ली की सप्लाई चेन भी चरमरा जाएगी।

हादसों से पीड़ित परिवारों को राहत और संबल प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में विभिन्न हादसों में पीड़ित परिवारों को राहत और संबल प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। यह बात बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के चेक प्रदान करने के अवसर पर कही। इस अवसर पर कोरोना महामारी के दौरान जान गंवाने वाले कोरोना योद्धा, सत्य निकेतन में हुए भवन हादसे, तुगलकाबाद में अग्निकांड और जसोला नाले में डूबने की घटना से प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी अपने को खोने का दुख अपूरणीय होता है। ऐसी कठिन परिस्थितियों में सरकार का दायित्व है कि वह प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी रहे और उन्हें यथासंभव सहायता उपलब्ध कराए। इस अनुग्रह राशि का उद्देश्य परिवारों को इस कठिन समय में आर्थिक राहत प्रदान करना और उन्हें यह भरोसा दिलाना है कि वे अकेले नहीं हैं, बल्कि दिल्ली सरकार प्रत्येक कदम पर उनके साथ खड़ी है। कोरोना महामारी के दौरान जनसेवा में योगदान देने वाले लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए सरकार ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कार्यरत रही दिवंगत कोरोना योद्धा स्वर्गीय ओमवती के परिवार को अनुग्रह राशि प्रदान की।

सत्य निकेतन में 7 सितंबर 2026 को हुए भवन हादसे में जान गंवाने वाले चार लोगों के परिजनों को भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इनमें स्वर्गीय अक्षत सिंह यादव, स्वर्गीय अर्पित झा, स्वर्गीय अभिषेक कुमार और स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह के प्रत्येक प्रभावित परिवार के लिए 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि निर्धारित की गई है। सरकार की ओर से दी जा रही यह सहायता हादसे से प्रभावित परिवारों को कठिन समय में संबल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने तुगलकाबाद में हुए अग्निकांड में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, घायलों को दो लाख और मामूली रूप से घायल दो लोगों को 20-20 हजार रुपये अनुग्रह राशि के चेक वितरित किए। साथ ही, जसोला में डूबने की घटना में जान गंवाने वाले के परिजनों के लिए भी 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि के चेक वितरित किए।



- मुख्यमंत्री ने विभिन्न हादसों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को वितरित किए अनुग्रह राशि के चेक

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई जारी : 10 नमूने एकत्र किए, दो प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्योहारी सीजन को देखते हुए राजधानी दिल्ली में बेकरी निर्माण इकाइयों और खुदरा दुकानों पर एक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कुल सात प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, ताकि वहां स्वच्छता मानकों और खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों के पालन का जायजा लिया जा सके। इनमें कुल 10 नमूने एकत्रित किए, जिनमें कानूनी प्रक्रिया और सर्विलांस दोनों तरह के नमूने शामिल थे। इन नमूनों में कुकीज़, बिस्कुट, पनीर, लो-फैट क्रीम, डार्क कंपाउंड, मेथी मठरी और मलाई सेव शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान पाई गई स्थितियों के आधार पर पटपड़गंज स्थित हनी एंड डो और मायापुरी स्थित सतगुरु एजेंसीज के परिसर का आकलन करने के बाद इन परिसरों में सुधार नोटिस जारी करने की सिफारिश की गई है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने दिल्ली के ग्रेटर कैलाश दो, कैलाश कॉलोनी, कनॉट प्लेस, शकूरबस्ती, पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र और मायापुरी में स्थित प्रतिष्ठानों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि त्योहार खुशियों और उत्सव मनाने का समय होते हैं। इस दौरान परिवारों द्वारा खाने-पीने की वस्तुएं अपने उपयोग, मेल-मिलाप और उपहार देने के लिए खरीदी जाती हैं। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि खाद्य पदार्थों को पूरी साफ-सफाई के साथ तैयार किया जाए, सुरक्षित तरीके से रखा जाए और बेचा जाए। दिल्ली सरकार खाद्य सुरक्षा की निगरानी को और अधिक मजबूत करने के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि खाद्य कारोबार से जुड़े लोग उपभोक्ताओं के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं।

एक लाख का चेक और करवाचौथ किट पाकर नवविवाहित बेटियों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में 51 नवविवाहित बेटियों को उनके प्रथम करवाचौथ के अवसर पर एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक और करवाचौथ किट प्रदान की। एक लाख का चेक और करवाचौथ की किट पाकर सभी 51 नवविवाहित बेटियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। गौरतलब है कि लाडली फाउंडेशन द्वारा मार्च माह में इन सभी बेटियों का सामूहिक विवाह कराया गया था। उनके पहले करवाचौथ के अवसर पर आर्थिक सहायता और उपहार प्रदान करने की यह पहल बेटियों के जीवन में खुशियां बांटने के साथ उन्हें आर्थिक संबल देने का सराहनीय प्रयास है। मुख्यमंत्री ने सभी बेटियों को उनके प्रथम करवाचौथ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी, समृद्ध और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने बेटियों से आत्मीय संवाद किया, उनके परिवारों और वैवाहिक जीवन के बारे में जानकारी ली तथा उनके अनुभव सुने।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बेटियों को भरोसा दिलाया कि वे हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने आत्मीयता से कहा कि किसी भी परेशानी या कठिन परिस्थिति में बेटियां घबराएं नहीं, बल्कि निःसंकोच अपनी बात साझा करें। उन्होंने उन्हें अपनी बड़ी बहन का भरोसा देते हुए कहा कि वे अकेली नहीं हैं और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जाएगा। मुख्यमंत्री ने बेटियों को पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को पूरा करने, अपनी पहचान बनाने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बेटियों का सुख, सम्मान और आत्मनिर्भरता सर्वोपरि है तथा उन्हें हर परिस्थिति में सम्मान, सुरक्षा और सहयोग का एहसास होना चाहिए।



ईवी पार्किंग शुल्क में कोई बढ़ोतरी नहीं, 24 स्थानों पर जल्द शुरू होगी मिस्ट स्प्रे प्रणाली : चहल

नई दिल्ली। दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ईवी की पार्किंग शुल्क में कोई बढ़ोतरी नहीं करेगी और जल्द ही 24 स्थानों पर मिस्ट स्प्रे प्रणाली शुरू करेगी। इस बात की जानकारी बुधवार को एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने प्रैसवार्ता में दी है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी नई दिल्ली क्षेत्र में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, सड़कों की बेहतर सफाई, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर विभिन्न उपाय कर रही है। कुलजीत सिंह चहल ने बताया एनडीएमसी के पास वर्तमान में 11 बड़ी मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें, 4 छोटी स्वीपिंग मशीनें, 4 राइड-ऑन स्क्रबर और 20 लिटर पिकर मशीनें उपलब्ध हैं। सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए 4 बड़ी तथा 4 मध्यम आकार की मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें और 4 लीफ पिकर मशीनें उपलब्ध कराने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। चहल ने बताया कि वायु प्रदूषण कम करने के लिए बिजली के खंभों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया जा रहा है। वित्त वर्ष 2026–27 के दौरान लगभग 1,200 बिजली के खंभों पर यह व्यवस्था स्थापित करने का लक्ष्य है, जिससे करीब 26.69 किलोमीटर सड़क को कवर किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि मान सिंह रोड, शाहजहाँ रोड, भगवान दास रोड, तिलक मार्ग, सुब्रमण्यम भारती मार्ग और डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग सहित 6 स्थानों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम चालू है। अरविंदो मार्ग, पृथ्वीराज रोड, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम रोड, मोतीलाल नेहरू मार्ग, कॉपरनिकस मार्ग और बाराखंभा रोड पर इसे एक सप्ताह के भीतर चालू करने का लक्ष्य है।

लोकतंत्र सुरक्षित हाथों में है और जनता का विश्वास पीएम के साथ, कांग्रेस ने हमेशा एक परिवार की इच्छा को देश का कानून बनाने का किया प्रयास

देश में अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं, भाजपा निरंतर आगे बढ़ती रहेगी : नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश में अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं है। देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में है, तो लोकतंत्र पूरी तरह सुरक्षित है। देश की जनता जानती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 140 करोड़ देशवासी ही उनका परिवार हैं। देशवासियों के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहने वाले नेता नरेंद्र मोदी हैं। यह बात बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने चांदनी चौक में दिल्ली भाजपा की ओर से आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा पदयात्रा से पहले अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के नेता राहुल गांधी संविधान की प्रति लेकर लोकतंत्र बचाने की दुहाई दे रहे हैं, लेकिन वास्तव में उन्हें संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों से कोई सरोकार नहीं है। जैसा कि कहा जाता है, 'खाता न बही, जो राहुल गांधी का परिवार कहे, वही सही।' कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की हर बात को सही मानते हैं और इसी मानसिकता के कारण कांग्रेस लगातार राजनीतिक रसातल में जा रही है। राहुल गांधी की इसी राह पर चलते रहे, तो कांग्रेस का पतन और तेज होगा। कांग्रेस ने हमेशा एक परिवार की इच्छा को देश का कानून बनाने का प्रयास किया है। कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए 90 से अधिक बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई राज्य सरकारों को बर्खास्त करने का काम किया। नवीन ने कहा कि लोकतंत्र का बही-खाता मतदाता सूची है, यदि मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जाता है, तो कांग्रेस के नेताओं को बेचैनी होने लगती है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध करने की प्रक्रिया लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए और जो लोग कानून के अनुसार मतदाता बनने के पात्र नहीं हैं, उनके नाम नियमानुसार हटाए जाने चाहिए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है। मतदाता सूची में दोहरे नाम, मृत मतदाताओं के नाम और ऐसे मतदाताओं के नाम, जिनका सत्यापन नहीं हो पा रहा है, जैसी समस्याओं का समाधान आवश्यक है। मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए जरूरी है। कांग्रेस चाहती है कि व्यवस्था में खामियां बनी रहें, ताकि उसकी राजनीतिक दुकानदारी चलती रहे। लेकिन भाजपा स्वच्छ, पारदर्शी और विश्वसनीय मतदाता सूची के पक्ष में है। आज 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के माध्यम से हम स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि देश में अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं है। भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और अपनी समृद्ध विरासत को भी सशक्त बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और राष्ट्र गौरव के नए आयाम स्थापित कर रहा है।



जनता ने आम आदमी पार्टी की राजनीति को दिया नकार

नितिन नवीन ने कहा कि दिल्ली में भी जनता ने आम आदमी पार्टी की राजनीति को नकार दिया है। आम आदमी होने का दावा करने वाले लोग सत्ता में आने के बाद खास लोगों की तरह व्यवहार करने लगे और आम जनता के हितों को पीछे छोड़ दिया। दिल्ली की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली अब विकास और सुशासन के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। दिल्ली में अराजकता और भ्रष्टाचार की राजनीति की वापसी नहीं होने दी जाएगी।

2029 में भी प्रधानमंत्री मोदी लाल किले की प्राचीर से फहराएंगे तिरंगा : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया है कि वर्ष 2029 में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की जनता का भरोसा और मजबूत होगा तथा वर्ष 2029 में भी लाल किले की प्राचीर पर तिरंगा शान से लहराएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कठिन दौर को देश कभी नहीं भूल सकता। जब देश संकट से गुजर रहा था, तब भाजपा के कार्यकर्ता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सहायता के कार्यों में जुटे हुए थे। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के लिए जमीन पर उतरकर काम किया। संकट के समय देशवासियों के साथ खड़े रहना ही भाजपा की कार्यसंस्कृति और राष्ट्रसेवा का मूल मंत्र है।



हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

बैठने-खड़े होने पर जब हो बैक पेन



मेरी उम्र 63 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे बैक-पेन की प्रॉब्लम है। बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई कारगर समाधान बताएं।

-नवीन, महासमुंद

बैक पेन का स्थाई समाधान रेग्युलर बैक की एक्सरसाइज ही है। क्योंकि दवा से कुछ समय के लिए आराम मिलेगा, फिर दर्द हो जाएगा। साथ ही कैल्शियम और विटामिन डी की जांच जरूर कराएं। अगर कमी है तो इसकी दवा रेग्युलर लेना शुरू करनी चाहिए। साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर आप बैक की एक्सरसाइज सीख लें, उन्हें नियमित रूप में करें। इससे आपको स्थायी राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे यूरिन पास करने में काफी दर्द और जलन होती है। कभी-कभी यूरिन का कलर पीला आता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा?

-दीपक, रायपुर

कई बार यूरीन कलर पीला और जलन, पानी कम पीने की वजह से भी होता है। लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि कभी-कभी दर्द भी होता है। इसलिए आपको नेफ्रोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। वह कुछ जांच कराएंगे, जिसके बाद इसकी वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट हो सकेगा। फिलहाल पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरे होंठ हमेशा रूखे और फटे-फटे रहते हैं। लिप बाम और एंटीसेप्टिक क्रीम लगाने का भी असर कुछ ही देर रहता है। ऐसा क्यों होता है?

-सुमित, रोहतक

कुछ लोगों की स्किन ड्राय होती है और किसी की ऑयली। जिनकी ड्राय होती है, उनको इस तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए आप पानी का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें और समय-समय पर क्रीम लगाते रहें। इसका कोई स्थायी समाधान नहीं। इसी तरह राहत मिल सकती है।

मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे सिर के पिछले हिस्से में अकसर तेज सुई चुभने जैसा दर्द होता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।

-कुशल, बिलासपुर

आपको तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। वह सिटी स्कैन या एमआरआई कराकर इसकी वजह पता लगाएंगे, क्योंकि सामान्य तौर पर सिर दर्द कई बार आंख कमजोर होने की वजह से भी होता है, पर खास हिस्से में होने की वजह कुछ और भी हो सकती है, इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा।

मेरी उम्र 58 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी हार्ट बीट्स रह-रहकर तेज हो जाती हैं। मन में अजीब-सी घबराहट पैदा होती है। मुझे समझ नहीं आता कि ऐसा क्यो हो रहा है? कृपया बताएं मैं क्या करूं?

-बलबीर, महेंद्रगढ़

अगर आपको ऐसा महसूस हो रहा है तो इस बात पर गौर करें कि ऐसा तेज चलने से या वजन उठाने से ऐसा हो रहा है। अगर ऐसा है तो जरूर आपको तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए। यह समस्या कई बार दिल से जुड़ी हो सकती है। फिलहाल इस बात का ध्यान रखें कि ज्यादा दौड़ भाग या अधिक श्रम वाला काम ना करें।

मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?

-संजय, राजनांदगांव

अगर हल्का-हल्का दर्द लगातार रहता है तो बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क कर एक बार अल्ट्रासाउंड करा लें। कई बार स्टोन की वजह भी दर्द शुरू होता है। लेकिन बगैर जांच कराएं कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। इस दौरान आप अधिक तला भुना और बाजार का खाना बंद कर दें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. तुषार राउत
न्यूरोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

वर्ल्ड स्ट्रोक आर्गेनाइजेशन के अनुसार अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और तनाव का प्रबंधन नहीं कर पाने के कारण दुनिया भर में स्ट्रोक के मामले बढ़त पर हैं। देश में विभिन्न बीमारियों से होने वाली मौतों का दूसरा सबसे बड़ा कारण स्ट्रोक है। भारत में हर 40 सेकेंड पर एक व्यक्ति स्ट्रोक से पीड़ित होता है। जो लोग पहली बार स्ट्रोक के बाद नियमित रूप से दवाएं नहीं लेते या फिर डॉक्टर द्वारा दिए गए परामर्श पर अमल नहीं करते, उनमें स्ट्रोक के दोबारा होने का जोखिम बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

स्ट्रोक क्या है

स्ट्रोक एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी है। मृत्यु व विकलांगता का एक प्रमुख कारण है। स्ट्रोक तब होता है, जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति बाधित हो जाती है या जब कोई रक्त वाहिका (ब्लड वेसल) फट जाती है, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। स्ट्रोक के दो मुख्य प्रकार हैं। पहला, इस्केमिक स्ट्रोक जो मस्तिष्क में रक्त संचार में रुकावट या ब्लॉकेज के कारण होता है। दूसरा, हेमोरेजिक स्ट्रोक, जो रक्त वाहिका के फटने के कारण होता है। रिकवरी के लिए लक्षणों की जल्द पहचान और समय पर समुचित इलाज बेहद महत्वपूर्ण हैं।

शुरुआती घंटे बेहद महत्वपूर्ण

स्ट्रोक के लक्षण शुरू होने के बाद के शुरुआती घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि समय पर इलाज मिलने से मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह फिर से शुरू हो सकता है और मस्तिष्क की कोशिकाओं को होने वाले नुकसान को सीमित किया जा सकता है। इस्केमिक स्ट्रोक के मरीजों को थक्का घोलने वाली दवा (क्लॉट-बस्टिंग मेडिकेशन) दी जा सकती है। इसके अलावा, उन्नत इंटरवेंशनल प्रोसीजर्स जैसे विशेष सक्शन डिवाइस और स्टेंट रिट्रीवर का उपयोग करके भी थक्के को हटाया जा सकता है और बंद धमनियों को फिर से खोला जा सकता है। इलाज की प्रक्रिया का चयन स्ट्रोक के प्रकार, लक्षण शुरू होने के बाद से बीते समय और मरीज की क्लिनिकल स्थिति पर निर्भर करता है। मरीज को जल्द से जल्द एक ऐसे अस्पताल पहुंचना चाहिए जहां न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन और इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलॉजिस्ट की विशेष टीम उपलब्ध हो।

कुछ उपचार केवल एक निश्चित समय सीमा (विंडो पीरियड) के भीतर ही उपलब्ध होते हैं, इसलिए लक्षणों की जल्द पहचान और तुरंत इलाज जरूरी है। भले ही लक्षणों में सुधार हो जाए या वे गायब हो जाएं, फिर भी डॉक्टरी जांच में देरी नहीं करनी चाहिए।

एक्यूट (शुरुआती) इलाज के बाद, मरीजों को ठीक होने और उनके काम करने की क्षमताओं को वापस पाने में मदद करने के लिए न्यूरोरिहैबिलिटेशन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दोबारा स्ट्रोक होने के जोखिम को कम करने के लिए सही फॉलो-अप देखभाल और डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाएं भी जरूरी हैं।

स्पेशलः वर्ल्ड स्ट्रोक डे, 29 अक्टूबर

आंकड़ों के अनुसार 18 लाख स्ट्रोक के नए मामले भारत में प्रति वर्ष सामने आते हैं। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि यह कितनी गंभीर समस्या है। लेकिन एलर्टनेस और प्रिकॉशन के जरिए इसकी रोकथाम की जा सकती है। यहां विस्तार से बता रहे हैं, स्ट्रोक के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में।

लाइलाज नहीं है स्ट्रोक संभव है प्रिवेंशन-ट्रीटमेंट



रिस्क फैक्टर्स को समझें

उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर), मधुमेह (डायबिटीज), हाई कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, शारीरिक सक्रियता की कमी या नियमित रूप से व्यायाम न करना, हृदय से जुड़ी कुछ बीमारियां, धूम्रपान, तंबाकू का सेवन और अत्यधिक शराब पीना स्ट्रोक के प्रमुख जोखिम कारक हैं। कुछ आनुवंशिक कारक भी युवाओं में स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकते हैं। जैसे होमोसिस्टीन का बढ़ा हुआ स्तर भी युवाओं में स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा सकता है। रक्त में होमोसिस्टीन का स्तर ज्यादा होने से धमनियों में सूजन या कड़ापन (एथेरोस्क्लेरोसिस), खून के थक्के (ब्लड क्लॉट्स) बनना और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। स्लीप एपनिया भी एक अन्य महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। नींद के दौरान तेज खर्राटे लेना, दिन में अत्यधिक नींद आना जैसे लक्षणों के महसूस होने पर शीघ्र ही विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

जीवनशैली में करें बदलाव

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार जीवनशैली में स्वास्थ्यकर बदलाव कर स्ट्रोक के जोखिम को कम किया जा सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत जंक फूड्स से दूर रहकर समुचित संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना, नियमित व्यायाम करना और तनाव प्रबंधन से संबंधित विधियों आदि को शामिल किया जाता है।

संतुलित आहारः फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, नट्स और प्रोटीन से भरपूर आहार स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। सैचुरेटेड फैट, ट्रांस फैट और अतिरिक्त चीनी को सीमित करने के साथ-साथ नमक का सेवन प्रति दिन 5 ग्राम से कम रखना चाहिए।

नियमित शारीरिक गतिविधिः हफ्ते मे कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम, जैसे तेज चलना, साइकिलिंग या तैरना, स्वस्थ वजन बनाए रखने, रक्तचाप नियंत्रण और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में मददगार है।

नियमित जांच और परामर्शः रक्तचाप, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की एक निश्चित समय अंतराल पर डॉक्टर के परामर्श से जांचें करवानी चाहिए। विशेष रूप से 35 वर्ष की आयु के बाद समय-समय पर स्वास्थ्य जांच (हेल्थ चेक-अप) कराने से जोखिम की जल्दी पहचान हो सकती है।

तनाव प्रबंधन जरूरीः पर्याप्त नींद, सही मात्रा में पानी पीना (हाइड्रेशन) और योग व ध्यान (मेडिटेशन) के माध्यम से तनाव प्रबंधन (स्ट्रेस मैनेजमेंट) भी स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में सहायक है।

संभव है स्ट्रोक की रोकथाम

स्ट्रोक से बचाव के लिए जागरुकता, जोखिम भरे कारकों की जल्द पहचान और जीवनशैली में लगातार सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता होती है। ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना, कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, तंबाकू से बचना और शराब से दूरी बनाना स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही, एफएएसटी (फास्ट) के चेतावनी संकेतों को पहचानना और तुरंत चिकित्सा सहायता लेना भी बेहद जरूरी है।

सर्दियों का मौसम और स्ट्रोक

सर्दियों में अन्य मौसमों की तुलना में रक्त में कहीं ज्यादा गाढ़ापन आ जाता है, जिससे रक्त में थक्का (क्लॉट) बनने लगता है। एक बड़ी संख्या में स्ट्रोक के मामले रक्त के थक्कों के बनने से होते हैं। इसलिए सर्दियों के मौसम में अपना विशेष ख्याल रखें। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला



इस बार की थीम है इंपॉर्टेंट

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गनाइजेशन द्वारा निर्धारित वर्ल्ड स्ट्रोक डे के लिए इस बार की थीम है, 'एवरी मिनिट काउंट्स', जिसका हिंदी में आशय है कि स्ट्रोक की गिरफ्त में आए लोगों के लिए हर मिनट कीमती है। इस बार का हैशटैग है फास्ट। एफएएसटी (फास्ट) एक ऐसा संक्षिप्त शब्द है जो स्ट्रोक के मुख्य संकेतों को पहचानने में मदद करता है।

एफ- फेस ड्रूपिंग (चेहरा झुकना): चेहरे का एक हिस्सा झुक सकता है या सुन्न महसूस हो सकता है।

ए- आर्म वीकनेस (बांह में कमजोरी): एक बांह कमजोर या सुन्न हो सकती है।

एस- स्पीच डिफीकल्टी (बोलने में कठिनाई): आवाज लड़खड़ा सकती है या बातचीत को समझना मुश्किल हो सकता है।


टी- टाइम टू एक्ट (कार्रवाई का समय): बिना देर किए तुरंत आपातकालीन चिकित्सा सहायता लें।

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

अपने देश ही नहीं पूरी दुनिया में फैटी लिवर के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चिंताजनक बात यह है कि बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। ऐसे में इसके कारणों, लक्षणों के साथ ही बचाव के उपाय के बारे में जानना बहुत जरूरी है।

हर उम्र के लोगों में बढ़ रही फैटी लिवर की प्रॉब्लम



हाल के बरसों में हर आयु वर्ग के लोगों की जीवनशैली बदली है। खान-पान के तौर-तरीके में बड़ा परिवर्तन आया है। एक ओर निष्क्रिय लाइफस्टाइल ने स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाया है तो दूसरी ओर सेहत से ज्यादा स्वाद को तवज्जो देने वाले फूड आइटम्स हमारी थाली का हिस्सा बन गए हैं। विशेषकर बच्चे हमारी परंपरागत भोजनशैली से दूर हुए हैं। इन आदतों से समग्र स्वास्थ्य पर तो दुष्प्रभाव पड़ ही रहा है, किसी अंग विशेष की सेहत बिगड़ने की स्थितियां भी पैदा हो गई हैं। ऐसी ही एक स्वास्थ्य समस्या है फैटी लिवर।

आंकड़े हैं चिंताजनकः चिंतनीय है कि 2030 तक, विश्व भर में अनुमानित 35 करोड़ 70 लाख लोग फैटी लिवर रोग के साथ जीवन जी रहे होंगे। भारत में लगभग 38 प्रतिशत से 40 प्रतिशत एडल्ट्स इस बीमारी से प्रभावित हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ही हमारे यहां 2021 में नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज कार्यक्रम में फैटी लिवर को शामिल कर प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर इसकी जांच के लिए गाइडलाइन जारी किए गए थे।

क्या है फैटी लिवरः असल में फैटी लिवर की बीमारी तब होती है, जब लिवर की कोशिकाओं में अतिरिक्त फैट यानी कि वसा जमा हो जाती है। जिससे लिवर की कार्य प्रणाली प्रभावित होती है। लिवर हमारे शरीर को डिटॉक्स करने में अहम भूमिका निभाता है। खून की सफाई, पाचन में सहायता, ऊर्जा का संग्रह और स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक विटामिन, मिनरल्स और महत्वपूर्ण प्रोटींस का प्रोड्क्शन और संचयन करता है। ऐसे में इंसानी शरीर का फिल्टर प्लांट कहे जाने वाले लिवर की हेल्थ बिगड़ना बहुत-सी दूसरी व्याधियों की भी जड़ बन जाता है।

न बरतें लापरवाहीः गांवों से लेकर महानगरों तक, कम उम्र में ही लोग फैटी लिवर की बीमारी का शिकार हो रहे हैं। इसकी सबसे अहम वजह खान-पान की बुरी आदतें ही हैं। आमतौर पर फैटी लिवर रोग को दो तरीके का होता है। अल्कोहलिक फैटी लिवर बीमारी अत्यधिक शराब के सेवन के कारण होती है। वहीं गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या शराब के सेवन से संबंधित नहीं है। इसीलिए फैटी लिवर के लक्षणों को जीवनशैली से गहराई से जोड़कर देखा जाता है। इसके लक्षण न केवल बहुत धीरे-धीरे दिखते हैं बल्कि स्पष्ट रूप से समझना भी कठिन होता है। यही वजह है कि लाइफस्टाइल स्कैन से जोड़कर फैटी लिवर के सिंपटम्स को सही ढंग से समझना और समय पर चिकित्सा सहायता लेना आवश्यक है। इस सायलेंट हेल्थ समस्या का समय रहते उपचार न किया जाए तो फाइब्रोसिस और सिरोसिस की समस्या भी हो सकती है। लिवर क्षतिग्रस्त होने पर अतिरिक्त स्कार टिशू बनने की स्थिति फाइब्रोसिस कहलाती है। इसमें लिवर में सूजन आ जाती है। जो कि लिवर में रक्त के सामान्य प्रवाह में बाधा बनती है। वहीं सिरोसिस की गंभीर और धीरे-धीरे बढ़ने वाली तकलीफ में स्वस्थ लिवर टिशू खराब हो जाते हैं। उनकी जगह कठोर स्कार टिशू बनने लगते हैं।



प्रमुख लक्षणः पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में असहजता बने रहने, अधिक थकान महसूस करने, बिना कारण वजन बढ़ने, भूख में कमी आने, स्किन का पीलापन और ब्रेनफॉग जैसे लक्षणों को ध्यान दिया जाना चाहिए। आरंभिक चरण में लाइफस्टाइल सुधार से इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

बच्चे भी हो रहे प्रभावितः खान-पान की अस्वस्थ आदतों और निष्क्रिय जीवनशैली के घेरे में अब बच्चे भी आ गए हैं। जिसके चलते बच्चे बड़ी संख्या में फैटी लिवर की चपेट में आ रहे हैं। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स) की स्टडी कहती है कि हमारे देश में लगभग 35.4 प्रतिशत बच्चे फैटी लिवर के रोग से पीड़ित हैं। बड़ों की बीमारी अब नई पीढ़ी में भी तेजी से पैर पसार रही है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक मोटे बच्चों में फैटी लिवर का आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक है। गुरुग्राम में किए गए एक हालिया अध्ययन में सामने आया है कि 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों में फैटी लिवर रोग के मामलों तेजी से बढ़े हैं। शहरी इलाकों में सामान्य वजन वाले बच्चों में भी साइलेंट बर्डन के रूप में यह बीमारी पाई जा रही है। बदलते खान-पान के कारण सिर्फ शहरों तक सीमित रहने वाली फैटी लिवर की समस्या गांवों में देखने को मिल रही है। जंक फूड की पहुंच और सुविधाजनक एवं निष्क्रिय जीवनशैली के चलते ग्रामीण इलाकों के बच्चों में भी फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। चिंतनीय है कि भारत में रुरल और अर्बन दोनों को मिलाकर औसत राष्ट्रीय प्रसार दर लगभग 35.4 प्रतिशत है। यह आंकड़ा ग्लोबल एवरेज से लगभग 25 फीसदी ज्यादा है। ऐसे में मुख्य रूप से लाइस्टाइल से जुड़ी इस समस्या से बचाव के लिए पैरेंट्स का सजग रहना आवश्यक हो गया है। *

बच्चों में फैटी लिवर के कारण

बच्चों में असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों से दूरी गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या बढ़ाती है। जिसका सीधा-सा अर्थ है कि बालपन को घेरते इस हेल्थ इश्यू का मुख्य कारण बदली हुई जीवनशैली ही है। एक ओर फल-सब्जियां खाने से दूरी बढ़ी है, दूसरी ओर प्रोसेस्ड-जंक फूड, पिज्जा, बर्गर, मीठे पेय पदार्थों के सेवन की आदतों ने जड़ें जमा ली हैं। बहुत से बच्चे कुकीज, बिस्कुट, कैंडी, सोडा ड्रिंक, पैकेज्ड जूस और चॉकलेट जैसे फूड प्रोडक्ट्स के एडिक्ट हो गए हैं। स्मार्ट स्क्रीन में झांकते हुए वक्त बिता रहे बच्चों का मैदानों में खेलना छूट गया है। चाइल्ड ओबेसिटी आज बड़ी चिंता बन गई है। इसीलिए बच्चों को हमारी परंपरागत भोजनशैली से जोड़ना जरूरी है। आउटडोर स्पोर्ट्स और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। मौजूदा दौर में जीवन के पहले ही पड़ाव ही खाने-पीने की सजगता और फिजिकल सक्रियता सबसे अहम हैं। साथ ही स्नैक अटैक और स्क्रीन स्क्रॉलिंग से बचना भी आवश्यक है। बड़ों में भी अस्वस्थ भोजनशैली, एल्कोहल का सेवन और शारीरिक निष्क्रियता ही इस रोग के मुख्य कारण हैं। स्वस्थ-सधी जीवनशैली से हर उम्र के लोग इस रोग से बच सकते हैं।



खबर संक्षेप

सम्राट चौधरी सरकार ने 43 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार शाम को हुई बिहार कैबिनेट की बैठक में 43 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक में बिजली वितरण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, बायो-फ्यूल और कंप्रेस्ड बायो-गैस उत्पादन को बढ़ावा देने, बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति-2026 और औद्योगिक विकास से जुड़े अहम फैसले लिए गए। इसके अलावा सड़क और रेलवे परियोजनाओं, पुलिस व्यवस्था, न्यायिक ढांचे, तकनीकी शिक्षा, हवाई सेवा और बाढ़ सुरक्षा से संबंधित प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।



बारिश के कारण रांची में आज विद्यालय बंद रहेंगे

रांची। चक्रवात 'अर्नब' के प्रभाव से हो रही बारिश को देखते हुए झारखंड के कई जिलों में 29 अक्टूबर तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया गया है। रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा जिला प्रशासन ने बुधवार और गुरुवार को स्कूल बंद रखने की घोषणा की है। रांची जिला प्रशासन के आधिकारिक बयान के मुताबिक, निजी स्कूलों में कक्षा केजी से 12वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियां 28 और 29 अक्टूबर को स्थगित रहेंगी।



आजम को झटका: 426.46 करोड़ की संपत्ति की अटैच

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ जोनल कार्यालय ने रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की जमीन और भवनों को बुधवार को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई 'धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002' (पीएमएलए) के तहत की गई है। जब्त संपत्तियों की मौजूदा बाजार कीमत करीब 1170 करोड़ रुपये है। इन भवनों के निर्माण में 426.46 करोड़ रुपये व्यय हुए थे, जिसमें से अधिकांश रकम सरकारी थी। ईडी ने करीब सात साल तक चली जांच के बाद कार्रवाई की है। बता दें कि यह मामला सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे मोहम्मद आजम खां और उनके परिजनों की मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट से जुड़ा है।



आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर बुधवार को स्थायी सुरक्षा समिति की बैठक हुई

अयोध्या: कार्तिक मेले और दीपोत्सव पर राम मंदिर की सुरक्षा होगी कड़ी, एडीजी जोन ने परिसर का लिया जायजा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि की सुरक्षा व्यवस्था और आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर बुधवार को स्थायी सुरक्षा समिति की बैठक हुई।

बैठक में शामिल होने पहुंचे एडीजी लखनऊ जोन प्रवीण कुमार ने राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बैठक में दीपोत्सव, 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा और कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई।

खास बातें

- कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई
- पुलिस प्रशासन कार्तिक मास के सभी धार्मिक कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारियों में जुटा

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि की सुरक्षा व्यवस्था, प्रस्तावित 10वें दीपोत्सव और कार्तिक मास के प्रमुख धार्मिक आयोजनों को सकुशल संपन्न कराने के लिए एडीजी प्रवीण कुमार की मौजूदगी में स्थायी सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की गई



सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई

एडीजी ने सात नवंबर को प्रस्तावित दसवें दीपोत्सव की तैयारियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्तिक मास अयोध्या के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि की सुरक्षा को लेकर स्थायी सुरक्षा समिति की बैठक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। इसमें आगामी पर्वों और आयोजनों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाती है। परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत व व्यवस्थित बनाने के लिए स्थानीय लोगों का विश्वास और सहयोग हासिल करने पर भी जोर दिया जाएगा।

स्थानीय लोगों का विश्वास और सहयोग हासिल करने पर भी जोर दिया जाएगा

एडीजी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग करने के साथ स्थानीय लोगों का विश्वास और सहयोग हासिल करने पर भी जोर दिया जाएगा। पुलिस प्रशासन कार्तिक मास के सभी धार्मिक कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारियों में जुटा है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उद्योगपतियों से कीं बैठकें, हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल समिट का दिया न्योता

गुजरात दौरे से हरियाणा को 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव

डिफेंस, रियल एस्टेट और ऑयल-गैस क्षेत्र में करीब 25 हजार करोड़ निवेश के लिए एमओयू

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 2,900 करोड़ और कृषि खाद्य प्रसंस्करण में 1,400 करोड़ के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान हरियाणा को 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। गुजरात के गांधीनगर में उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ हुई बैठकों के बाद विभिन्न क्षेत्रों में निवेश से संबंधित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें डिफेंस, रियल एस्टेट और ऑयल एवं गैस क्षेत्र में करीब 25 हजार करोड़ रुपये, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 2,900 करोड़ रुपये तथा कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 1,400 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शामिल हैं। इसके अलावा कंप्रेस्ड बायोगैस और नागरिक उड्डयन क्षेत्र में भी निवेश के लिए एमओयू किए गए हैं। दौरे के पहले दिन भी करीब 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों से संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। मुख्यमंत्री ने बुधवार को गांधीनगर में विभिन्न उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ आमने-सामने बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने निवेशकों को हरियाणा में उद्योग स्थापित करने और मौजूदा कारोबार का विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्य की औद्योगिक नीतियों, बुनियादी ढांचे, बेहतर कनेक्टिविटी, कुशल मानव संसाधन और कारोबारी सुविधाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निवेश परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरल प्रक्रियाएं अपनाकर सुविधाएं दे रही है।



औद्योगिक विकास की बड़ी पहल

मुख्यमंत्री ने गुजरात के उद्योगपतियों और निवेशकों को अप्रैल 2027 में हरियाणा में प्रस्तावित 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल समिट' में भाग लेने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा और गुजरात दोनों राज्यों की पहचान उद्यमशीलता, विनिर्माण और औद्योगिक विकास से जुड़ी है। दोनों राज्यों के उद्योग जगत के बीच सहयोग बढ़ने से निवेश, तकनीकी नवाचार, उत्पादन क्षमता और रोजगार सृजन की संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा में उद्योग स्थापित करने और कारोबार का विस्तार करने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया जा रहा है। निवेशकों को आवश्यक अनुमतियां और स्वीकृतियां एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराने का उद्देश्य प्रक्रियागत देरी कम करना और निवेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर सहित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मिले नायब



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान बुधवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच हरियाणा और गुजरात के मध्य आपसी तालमेल एवं सहयोग को और अधिक मजबूत करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुजरात दौरे के दौरान मंगलवार को सूरत में आयोजित प्रवासी मिलन समारोह में हरियाणा के प्रवासी उद्यमियों और गुजरात के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में रहकर अपनी मेहनत, उद्यमशीलता और दूरदर्शिता से सफलता हासिल कर उन्होंने अपनी पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने शिकायत निवारण के लिए पोर्टल बनाने का भी ऐलान किया।

सिंगापुर के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से की मुलाकात

सिंगापुर की तकनीक व यूपी के सामर्थ्य मिलकर करेंगे विकास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख ग्रोथ इंजन बनाने और 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ में सिंगापुर के शीर्ष उद्योगपतियों एवं निवेशकों के 14 सदस्यीय उच्चस्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल के साथ विस्तृत चर्चा की। सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में लॉजिस्टिक्स, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, ग्रीन एनर्जी, अर्बन प्लानिंग और हॉस्पिटैलिटी जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में बड़े निवेश की इच्छा व्यक्त की। यह प्रतिनिधिमंडल फरवरी में मुख्यमंत्री की सिंगापुर यात्रा के बाद अब उत्तर प्रदेश के दौरे पर आया है। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए आधुनिक सिंगापुर के निर्माता स्वर्गीय ली कुआन यू के विजन ने दुनिया को दिखाया कि किसी देश की वैश्विक पहचान उसके भौगोलिक आकार से अधिक उसकी दृष्टि, कार्यक्षमता और संसाधनों के कुशल उपयोग से बनती है। विगत 12 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत 'फ्रैजाइल' अर्थव्यवस्था की स्थिति से निकलकर दुनिया की अग्रणी और सशक्त अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित हुआ है।

60 हजार करोड़ के निवेश पर सहमति बनी

फरवरी 2026 में सिंगापुर यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति श्री थर्मन षणमुगरत्नम और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से हुई मुलाकातों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उस दौरान लगभग 60,000 करोड़ के निवेश समझौतों पर सहमति बनी थी। सिंगापुर रोडशो के दौरान राज्य सरकार ने निवेशकों को 'सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड' का जो भरोसा दिया था, प्रदेश आज भी उसी कमिटमेंट के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब लक्ष्य निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर उत्पादन शुरू कराने का है।

प्रदेश में 75 हजार एकड़ से अधिक लैंड बैंक उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट समर्पित 'सिंगापुर सिटी' और हाई-टेक इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के संगम तथा विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे नेटवर्क से जुड़ा यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए उत्तर भारत का प्रमुख सप्लाई चेन हब बनने की क्षमता रखता है।

पेज एक का शेष...

4 बड़े राज्य.. ...

के बावजूद कांग्रेस अपनी मौजूदगी दर्ज कराने में नाकाम रही। उनके मुताबिक कांग्रेस नेताओं के आरोपों की भाषा में कहें तो पार्टी इन चुनावों में अपना अस्तित्व तक नहीं दिखा पाई। उन्होंने कहा कि चुनाव ईवीएम से हों या बैलेट पेपर से, कांग्रेस मतदाताओं का समर्थन हासिल नहीं कर पा रही है। गौर हो कि महाराष्ट्र में कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सभी पर हार गई। बिहार की पांच सीटों पर भी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। कर्नाटक में कांग्रेस ने चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत सकी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को कोई सीट नहीं दी, इसलिए पार्टी वहां चुनाव मैदान में नहीं उतरी।

पवन खेड़ा बोले-...

जाएं। तीसरा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाया जाए। चौथा मुख्य चुनाव आयुक्त को आजीवन कानूनी संरक्षण देने वाले कानून को रद्द किया जाए। खेड़ा ने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री इन मांगों पर कोई कदम नहीं उठाते, तब तक उनके दावे केवल बयानबाजी हैं, जिन्हें गंभीरता से नहीं लिया जा सकता।

एक परिवार की ...

लिया। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने 90 से अधिक ऐसे फैसले लिए, जिनके जरिए जनता द्वारा चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने का काम किया लेकिन हर बार देश की जनता ने लोकतंत्र की आवाज बुलंद करते हुए आपको जवाब दिया और सजा दी। इसके बावजूद कांग्रेस उससे सीख नहीं लेती। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हम शुद्धिकरण में विश्वास करते हैं। हम कांग्रेस को स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि लोग इसे कांग्रेस (आई) के रूप में जानते हैं। लोगों ने सोचा था कि यह पार्टी कांग्रेस (इंदिरा) के नाम से जानी जाएगी, लेकिन यह इंदिरा कांग्रेस नहीं, बल्कि इटैलियन कांग्रेस के रूप में जानी जाती है। इनकी सोच ही विकृत है। इसलिए देश की जनता इन्हें भी शुद्ध करने का काम करती रहती है, लेकिन शुद्धिकरण के बावजूद ये सीखते नहीं हैं। ये हार से सीखने के बजाय अपनी खीझ निकालते हैं। आज लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान की शुरुआत हो रही है। हम स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि इस देश में अराजकता का कोई स्थान नहीं हो सकता। हम देश को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा रहे हैं और अपनी विरासत को आगे ले जा रहे हैं। अभी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कहीं नहीं जाएंगे और 2029 में इसी लाल किले की प्राचीर से फिर तिरंगा लहराएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिस सेवाभाव से देश का नेतृत्व किया है, उसके बाद 2029 में लाल किले की प्राचीर से फिर तिरंगा लहराने वाले व्यक्ति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही होंगे और इससे कांग्रेस की बेचैनी बढ़ती रहेगी।

नवीन ने कहा कि जब देश में कोरोना महामारी आई थी, तब ये अराजकतावादी लोग सड़कों पर नहीं दिखे, बल्कि अपने घरों में दुबके हुए थे। जब देश पर कोई आपदा आती है, तो ये लोग नजर नहीं आते। ऐसे समय में सड़क पर उतरकर और हर घर तक पहुंचकर सेवा करने के लिए भाजपा का कार्यकर्ता और भाजपा का नेतृत्वकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही नजर आते हैं। आज लोग तिरंगा लेकर निकल रहे हैं और कनॉट प्लेस पर तिरंगा फहराने की बात कर रहे हैं। लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि जब भारत के अभिन्न अंग कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा लहराने की बारी आई थी, तब भाजपा के कार्यकर्ताओं ने संघर्ष और बलिदान देकर वहां तिरंगा फहराने का काम किया था। वर्ष 2011 में जब भारतीय जनता पार्टी ने तिरंगा यात्रा निकाली थी, तब लाल चौक पर पाकिस्तान के झंडे लहराए जाते थे और दिल्ली में बैठी सरकार मौन रहती थी। उसे इसकी चिंता नहीं होती थी।

केंद्रीय कर्मियों का ...

ने नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू करने को मंजूरी दी है। पिछले महीनों का एरियर भी दिवाली से पहले खाते में भेजा जाएगा। इससे पहले केंद्र सरकार ने अप्रैल में डीए में 2% की बढ़ोतरी की थी। इसके साथ ही महंगाई भत्ता 60% पर पहुंच गया था। कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का बकाया भी आगामी सैलरी के साथ दिया जाएगा।

इस फैसले की 3 बड़ी बातें

1. डीए बढ़ने से सैलरी में बढ़ोतरी बेसिक पे के आधार पर तय होती है

मिनिमम बेसिक सैलरी वालों के लिए: अगर किसी कर्मचारी की बेसिक पे 18,000 है, तो 3% की बढ़ोतरी के हिसाब से हर महीने 540 का इजाफा होगा। हायर पे-स्केल वालों के लिए: अगर किसी वरिष्ठ अधिकारी की बेसिक सैलरी 56,100 है, तो उनकी मासिक सैलरी में लगभग 1,683 की सीधी बढ़ोतरी होगी

2. साल में दो बार रिवाइज होता है भत्ता

केंद्र सरकार हर साल कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए और डीआर में दो बार संशोधन करती है। पहला संशोधन आमतौर पर जनवरी से और दूसरा जुलाई से प्रभावी होता है।

सरकार ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आंकड़ों के आधार पर महंगाई का आकलन करती है और उसी अनुपात में भत्ते बढ़ाने का निर्णय लेती है।

3. महंगाई के हिसाब से मिलता है अलाउंस

डीए सरकारी कर्मचारियों के रहन-सहन के खर्च को संतुलित करने के लिए दिया जाने वाला अलाउंस है। यह कर्मचारी की बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में तय होता है। वहीं, डीआर रिटायर्ड कर्मचारियों यानी पेंशनर्स को उनकी बेसिक पेंशन पर दिया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य रोजमर्रा की चीजों के बढ़ते दामों के असर को कम करना है।

आखिर, अर्नब चक्रवात...

में 118.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। आंध्र प्रदेश में करीब 89 हजार और ओडिशा में 48 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शुरुआती रिपोर्टों में किसी की मौत की सूचना नहीं थी।

11 सीटों के नतीजों पर नजर, भाजपा ने पांच और सपा ने तीन सीटों पर दर्ज की जीत

यूपी विधान परिषद चुनाव में भाजपा और सपा के बीच मुकाबला, 3 सीटों पर मतगणना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की 11 सीटों पर हुए द्विवार्षिक चुनाव की मतगणना बुधवार, 28 अक्टूबर को जारी रही। ताजा जानकारी के मुताबिक, अब तक आठ सीटों के परिणाम घोषित हो चुके हैं।

इनमें भाजपा ने पांच और समाजवादी पार्टी ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की है। शेष तीन सीटों पर मतगणना जारी रहने की जानकारी सामने आई है। भाजपा के दिनेश कुमार गोयल ने मेरठ स्नातक, उमेश द्विवेदी ने लखनऊ शिक्षक, श्रीचंद्र शर्मा ने मेरठ शिक्षक और डॉ. हरि सिंह ढिल्लों ने बरेली-मुरादाबाद शिक्षक सीट पर जीत हासिल की। समाजवादी पार्टी के लाल बिहारी यादव वाराणसी शिक्षक, डॉ. आकाश अग्रवाल आगरा शिक्षक और डॉ. मान सिंह यादव इलाहाबाद-झांसी स्नातक सीट से विजयी हुए। मतगणना के दौरान गोरखपुर, वाराणसी और लखनऊ स्नातक सीट पर मुकाबला जारी है।

इन चुनावों में शिक्षक और स्नातक मतदाताओं की भूमिका अहम रही। बची तीन सीटों के परिणाम देर रात तक संभावित हैं।

गंगा-यमुना समेत प्रमुख नदियों में सुरक्षित जल परिवहन की तैयारी

नावों की पहचान से सुरक्षा तक नई व्यवस्था, यूपी में जलयानों को मिलेगी खास पंजीकरण संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में नदी आधारित परिवहन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के साथ इससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार नई नियामक व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर रही है।



प्रस्तावित अंतर्देशीय जलयान नियमावली-2026 के तहत यंत्रचालित और गैर-यांत्रिक जलयानों को विशिष्ट पंजीकरण संख्या दी जाएगी। वहीं, जल परिवहन से जुड़े विकास और कल्याण कार्यों के लिए अलग-अलग निधियां गठित करने, घाटों के संचालन में पारदर्शिता बढ़ाने और यात्रियों की सुरक्षा के मानक तय करने का प्रावधान किया गया है। इससे गंगा, यमुना, घाघरा, गोमती, गंडक और बेतवा जैसी प्रमुख नदियों में यात्री परिवहन, नदी पर्यटन, पारंपरिक नौका संचालन और माल परिवहन को अधिक सुरक्षित तथा व्यवस्थित बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने बताया कि प्रस्तावित नियमावली में जल परिवहन से प्राप्त शुल्क और जुर्माने के माध्यम से यंत्रचालित जलयानों के लिए राज्य विकास निधि गठित करने की व्यवस्था है। दूसरी ओर, गैर-यांत्रिक जलयानों से संबंधित गतिविधियों के लिए जिला स्तर पर जिला कल्याण निधि बनाई जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य जल परिवहन के नियमन के साथ संबंधित क्षेत्र के विकास और नाविकों के कल्याण के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराना है।

15 हजार किसानों को होगा फायदा, 6,300 हेक्टेयर खेतों को मिली सिंचाई की सुविधा

सीएम योगी के प्रयासों से 30 साल बाद मीरजापुर का जरगो बांध पानी से लबालब, किसान हुए गदगद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार प्रदेश की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसानों तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में मीरजापुर के जरगो बांध के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। पिछले कई दशकों से खराब पड़े मेजा-जरगो लिंक नहर के दोनों अंडर स्लूस गेटों की मरम्मत और पुनर्स्थापन के बाद बांध में पानी की आपूर्ति सुचारु हुई है। करीब 30 वर्षों बाद जरगो बांध के पानी से लबालब होने की स्थिति ने क्षेत्र के किसानों के लिए नई उम्मीद जगाई है।



प्रदेश की सिंचाई सुविधाएं होगी बेहतर

प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन अनिल गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं को बेहतर बनाने और उपलब्ध जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। मेजा-जरगो लिंक नहर के गेटों की मरम्मत इस दिशा में महत्वपूर्ण उदाहरण है।

गेट जल सतह से 15 मीटर नीचे स्थित था

मुख्य अभियंता यांत्रिक उपेंद्र सिंह ने बताया कि गेटों की मरम्मत सामान्य इंजीनियरिंग कार्य नहीं था। गेट जल सतह से लगभग 15 मीटर नीचे स्थित थे, जहां पानी का दबाव वायुमंडलीय दबाव से करीब 2.5 गुना था। अत्यधिक रिसाव के कारण पानी के भीतर सीधे निरीक्षण करना गोताखोरों के लिए भी जोखिम भरा था। गेटों के संचालन से जुड़े हिस्से क्षतिग्रस्त थे और रबर सील तथा दीवार के बीच बने अंतर से पानी लगातार रिस रहा था।

खबर संक्षेप

एलएंडटी के शुद्ध लाभ में 32.5 फीसदी की बढ़ोतरी



नई दिल्ली। इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 32.5 प्रतिशत बढ़कर 5,202.10 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,926.09 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

वेदांता का दूसरी तिमाही लाभ बढ़कर हुआ दोगुना



नई दिल्ली। खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 3,650 करोड़ रुपये हो गया। इसकी वजह जिंसों की ऊंची कीमतें, विदेशी मुद्रा विनिमय दरों का अनुकूल रुख और अधिक मात्रा में उत्पादन रहा।

टीवीएस का लाभ 50 फीसदी बढ़कर 1,194.51 करोड़

नई दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत बढ़कर 1,194.51 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की परिचालन आय में भी 38.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 795.48 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

- विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ने से उत्पादन प्रभावित
- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.8 फीसदी कर दिया गया
- विनिर्माण क्षेत्र में सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

खनन क्षेत्र में 6.2 प्रतिशत की गिरावट का असर

सितंबर में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि घटकर 6.7 प्रतिशत पर आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। खनन क्षेत्र में गिरावट और विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ने से औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार प्रभावित हुई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

इसके साथ ही राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अगस्त में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर को आठ प्रतिशत से संशोधित कर 7.8 प्रतिशत कर दिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र में सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र में उत्पादन 11.2 प्रतिशत बढ़ा।

विनिर्माण क्षेत्र का भारांक 76 प्रतिशत

वहीं, सितंबर में खनन एवं संबद्ध क्षेत्र के उत्पादन में 6.2 प्रतिशत की गिरावट आई। अगस्त में भी इस क्षेत्र का उत्पादन 4.6 प्रतिशत घटा था। विनिर्माण क्षेत्र का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में करीब 76 प्रतिशत भारांक है। इस क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 8.6 प्रतिशत रही थी।

उत्पादन की स्थिति मजबूत बनी हुई

हालांकि, क्रिसिल की वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने के बावजूद उत्पादन की स्थिति मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मासिक आधार पर नरमी की मुख्य वजह पिछले साल का ऊंचा आधार और खनन एवं बिजली उत्पादन में कुछ सुस्ती रही।



अगस्त में उत्पादन बढ़ाया गया : बनर्जी ने कहा, "त्योहारों की बिक्री की उम्मीद में अगस्त में उत्पादन बढ़ाया गया था। इसके अलावा, जीएसटी दरों के युक्तिकरण से खपत को मिले शुरुआती प्रोत्साहन का असर धीरे-धीरे कम होना और पिछले साल के ऊंचे आधार ने भी सितंबर के आंकड़ों को प्रभावित किया।"

खनन क्षेत्र की वृद्धि दर घटी : इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत ने भी कहा कि आधार प्रभाव और खनन क्षेत्र की नकारात्मक वृद्धि से सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। उन्होंने कहा, "हमारा अनुमान है कि आधार प्रभाव की वजह से अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर आठ से नौ प्रतिशत के दायरे में रह सकती है।"

उत्पादन में पूंजीगत वस्तुओं का सबसे बड़ा योगदान

औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि में मध्यवर्ती, प्राथमिक और पूंजीगत वस्तुओं का सबसे अधिक योगदान रहा। सितंबर के आंकड़े आने के साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रही।

इन क्षेत्रों का रहा योगदान

एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के 23 उद्योग समूहों में से 17 ने सितंबर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इनमें मोटर वाहन, ट्रेलर एवं सेमी-ट्रेलर का विनिर्माण, बिजली के उपकरणों का विनिर्माण तथा रबड़ और प्लास्टिक उत्पादों का विनिर्माण प्रमुख योगदान देने वाले क्षेत्र रहे।

एफएमसीजी के उत्पादन में वृद्धि

उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, सितंबर में प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में चार प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 10.4 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 12.2 प्रतिशत और बुनियादी ढांचा एवं निर्माण वस्तुओं में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी दौरान टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में छह प्रतिशत और गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

आज से त्रिदिवसीय अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन का शुभारंभ



52वें प्राच्य विद्या सम्मेलन में शामिल होंगे शीर्ष धर्मगुरु, सनातन शास्त्र शुद्धिकरण अभियान का होगा शुभारंभ

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय में आगामी 29 से 31अक्टूबर को आयोजित 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन के सन्दर्भ में पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज तथा श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के सान्निध्य में दिव्य योग मंदिर, कृपालु बाग आश्रम, कनखल में एक प्रेस-वार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में पूज्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी साजिश की जा रही है।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और माता सीता को मद्यपान और मांसाहार करने वाला कह कर, आदि योगी, महायोगी भगवान शिव को नशेड़ी, गजेड़ी कह कर, गांजा फूंकने वाला कह कर, योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण को रास लीलाओं के नाम पर विलासिता करने वाला कह कर, भगवान ब्रह्मा को अपनी बेटी के साथ दुराचार करने वाला कह कर और देवी-देवताओं को दुराचारी, बलात्कारी कहने वाला कह कर सनातन को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। विगत 1000सालों में मुगलों व अंग्रेजों द्वारा सनातन को बदनाम करने के लिए सनातन धर्म के ही कुछ शास्त्रों में जानबूझकर मिलावट की गई है। इन्हीं मिलावटी शास्त्रों का आश्रय लेकर मनुस्मृति सहित अलग-अलग स्मृति ग्रंथों, ब्राह्मण ग्रंथों, आरण्यक ग्रंथों और मूलतः 18पुराणों में सनातन धर्म के ऊपर आरोप लगाने के लिए प्रक्षेप (मिलावट) कर दिया गया।

वर्सुनी का भारत पर 180 करोड़ का दांव, 600 नौकरियों की उम्मीद

नई दिल्ली। भारत में घरेलू उपकरणों के विनिर्माण को मजबूती देने के लिए वर्सुनी इंडिया 180 करोड़ का निवेश कर रही है। फिलिप्स और प्रीति ब्रांड के तहत घरेलू उपकरणों का कारोबार करने वाली कंपनी इस राशि से चेन्नई और अहमदाबाद स्थित अपनी विनिर्माण इकाइयों का विस्तार करेगी। इस पहल से अगले दो वर्षों में लगभग 600 नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।कंपनी की योजना के मुताबिक, 130 करोड़ रुपये चेन्नई की इकाई और 50 करोड़ अहमदाबाद की फैक्ट्री के विस्तार पर खर्च किए जाएंगे। चेन्नई में मिक्सर ग्राइंडर और ग्लास गैस स्टोव के उत्पादन के साथ शीट मेटल फैब्रिकेशन, प्लास्टिक इंजेक्शन मोल्डिंग और एयर फ्रायर मोटरों के निर्माण की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यहां सालाना 7.5 लाख तक एयर फ्रायर मोटरों के उत्पादन की क्षमता तैयार करने की योजना है।

सोना 700 रुपये चढ़कर 1.46 लाख रुपये पर, चांदी स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपये में गिरावट के चलते राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। हालांकि, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बना रहा। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर सभी करों सहित 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मंगलवार को यह 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे गिरकर 95.28 प्रति डॉलर पर आ गया।

रुपया 21 पैसे टूटकर 95.28 प्रति डॉलर पर

मुंबई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 21 पैसे टूटकर 95.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर में मजबूती और ऊंचे अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल के कारण रुपये पर दबाव बने रहने की आशंका है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.01 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह टूटकर 95.29 प्रति डॉलर के दिन के निचले स्तर तक आ गया। रुपया अंत में 95.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 21 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को आठ पैसे मजबूत होकर 95.07 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें डॉलर की अंतर्निहित मांग का एक प्रमुख कारण बनी हुई हैं।

भारत में एआई बूम दे रहा है भविष्य की नई नौकरियों का संकेत

नई दिल्ली। इनडीड के नए डेटा के मुताबिक भारत में जून 2025 से जून 2026 के बीच फॉरवर्ड डिप्लॉयड इंजीनियर एफडीई की मांग लगभग 19 गुना बढ़ी है। 2026 की शुरुआत में मांग धीरे-धीरे बढ़ी, जिसके बाद मार्च में इसमें तेजी आई। जून में पोस्टिंग 1,807 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ीं। हालांकि जून में पीक पर पहुँचने के बाद मांग में थोड़ी नरमी आई, पर जुलाई में पोस्टिंग साल-दर-साल लगभग 16 गुना अधिक थीं और अगस्त में 6 गुना से अधिक थीं। इस पैटर्न से प्रदर्शित होता है कि फॉरवर्ड डिप्लॉयड इंजीनियर (एफडीई) की हायरिंग एआई के बढ़ते उपयोग को देखते हुए केवल एक अस्थायी प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि कंपनियों द्वारा टेक्नोलॉजी के उपयोग में बड़ा परिवर्तन आ रहा है, जिससे इंजीनियर ग्राहकों के करीब पहुँच रहे हैं, बिजनेस की प्रॉब्लम्स को सुलझाने का तरीका बदल रहा है और इनोवेशन उस बिंदु तक पहुँच रहे हैं, जहाँ ठोस नतीजे मिलते हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **सुभाष कुमार, पुत्रः राज पाल, निवासीः मकान नंबर 2/314, ब्लॉक–2, त्रिलोकपुरी, दिल्ली–110091** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **CC NI CT No. 757/2019 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना आनंद विहार, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **सुभाष कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **सुभाष कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **CC NI CT No. 757/2019 U/S 138 NI Act, थाना आनंद विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **सुभाष कुमार** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **01.12.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, शाम की अदालत संख्या–4,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी,
शाहदरा जिला, करकड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15414/SHD/2026
(अदालती मामला)

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तांत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान



प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

रिलायंस और आईटी शेयरों की बिकवाली से बाजार नीचे आया

मुंबई (एजेंसी)। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 353 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के नीचे आ गया। कच्चे तेल के दाम में तेजी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दर पर फैसले से पहले सतर्क रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 352.64 अंक टूटकर 73,246.03 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, कारोबार के दौरान इसमें भारी गिरावट आई थी जिसकी काफी हद तक भरपाई हो गई। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 995.1 अंक लुढ़क कर दिन के निचले स्तर 72,603.57 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 50.90 अंक की गिरावट के साथ 22,698.85 अंक पर बंद हुआ। चुनिंदा शेयरों में निवेशकों की लिवाली से व्यापक बाजार में तेजी रही। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.85 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.66 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर कारोबार के पहले दिन करीब 27 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.46 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.34 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.83 प्रतिशत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 1.68 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.42 प्रतिशत और टाटा स्टील 1.37 प्रतिशत नुकसान में रहे।

मस्क ने दी चेतावनी

सैकड़ों एआई कंपनियां हो सकती है बंद, फूटेगा गुब्बारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की दुनिया में इस वक्त एक बड़ा सवाल घूम रहा है। क्या एआई का गुब्बारा फूटने वाला है या फिर इसमें से सिर्फ अतिरिक्त हवा निकल रही है। टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क की एक हालिया चेतावनी ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है। मस्क ने कहा है कि एआई क्लाउड सेक्टर में बड़े पैमाने पर कंपनियां बंद होने वाली हैं। उनकी इस बात ने उस बाजार में नया दबाव बना दिया है, जो पहले से ही गिरते बांड दाम के साथ कर्ज से बने डेटा सेंटर्स को लेकर परेशान है। मस्क का अनुमान है कि नियोक्लाउड कंपनियों में तबाही आने वाली है। हालांकि दूसरी तरफ एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने निवेशकों को भरोसा दिलाया है कि कंप्यूटिंग क्षमता की मांग उम्मीद से कहीं ज्यादा है।

ई-मंचों के लिए जीएसटी प्रक्रिया एक नवंबर से होगी आसान

नई दिल्ली (एजेंसी)। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कारोबार करने वाले छोटे विक्रेताओं के लिए जीएसटी पंजीकरण की प्रक्रिया एक नवंबर से आसान हो जाएगी। ऐसे विक्रेता कई राज्यों में सामान बेचने के लिए संबंधित ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के गोदाम को उस राज्य में कारोबार का प्रमुख स्थान (पीपीओबी) घोषित कर सकेंगे। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने केंद्रीय जीएसटी नियमों में बदलाव को अधिसूचित किया है। इसके तहत ऐसे छोटे विक्रेता, जो प्रति माह 2.5 लाख रुपये से अधिक का इनपुट टैक्स क्रेडिट आगे हस्तांतरित नहीं करते हैं, उन राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में भी जीएसटी पंजीकरण करा सकेंगे, जहां उनकी कोई भौतिक मौजूदगी नहीं है। इसके लिए वे संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में ई-कॉमर्स ऑपरेटर के गोदाम को कारोबार का प्रमुख स्थान घोषित कर सकेंगे।

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी का सार्वजनिक पुस्तकालयों के नए युग की दिशा मेंआगे बढ़ने का संकल्प

नई दिल्ली। दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी नेअपनी 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में ज्ञान, शिक्षा और विकास को बढ़ावा देने तथा भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, दिल्ली सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा, दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सुमित भसीन तथा दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी की महानिदेशक डॉ प्रिया राय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

टेली फैक्स : 07740-252273 email:bssukm1@gmail.com
Contact No. - 09454221467, 7599421014, 08305143251, 09893404589

निविदा विज्ञप्ति क्र.- 11 **-:: पुनः ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-** दिनांक- 28/10/2026


3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला-कबीरधाम में विभिन्न मेन्युफैक्चरिंग सामग्री, केमीकल्स, लैब आईटमस, विभिन्न शुगर पैकिंग सामग्री, विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री क्रय/कार्य हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/-रू. (1000/-रू. + 311/-रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

क्र.	विवरण	निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय	निविदा खोलने तिथि एवं समय
1	पुनः ई-निविदा सूचना क्रमांक - 202892 (Non Authorized Suppliers) Sugar Bag Stitching and Printing Material Various Chemicals, Oil Seal, Bearings Mini Dosing Pumps & Other Miscellaneous Item etc.	दिनांक 29/10/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 04/11/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 04/11/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से
2	पुनः ई-निविदा सूचना क्रमांक - 202894 [OEM & Authorized Dealer] Laboratory Chemicals, and Apparatus, gear Box, PP & Jute Bags, Portable Sugar bag Belt Conveyor Etc.	दिनांक 29/10/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 07/11/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 07/11/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से

निविदा की नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है।

प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना
मर्या. कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

शब्द पहेली - 6392




बाएँ से दाए-
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

ऊपर से नीचे
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

शब्द पहेली -6391 का हल

आ	ला	क	मा	न		क	मी	ज	
रा	ल		न		श	प	थ	मा	मा
म			ध	नि	क		न		लि
दे	ह	दा	न			अ		ल	ल	क
ह		खि		बे	शु	मा	र		ह	
	सा	ल		ल		न		सु	र	
	हि		ब	गा	ब	त		र		हा
ज	ल	न		म			अ	भि	मा	नि
ग			चु		रा	ज	न			का
त	र		ना	ह	क		ब		चा	र
	ब	हा	व			म	न	मो	ह	क



केंद्रीय शिक्षा मंत्री जोशी ने विधान परिषद चुनावों में प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा

मत पत्र हो या ईवीएम कांग्रेस पार्टी का नतीजा एक जैसा ही ताजा हार के बाद राहुल को देश से माफी मांग लेनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को हाल ही में हुए विधान परिषद चुनावों में खराब प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। जोशी ने तंज कसते हुए कहा, मत पत्र हो या इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), कांग्रेस पार्टी का नतीजा एक जैसा ही रहता है। उन्होंने विधान परिषद चुनावों में कांग्रेस के एक भी सीट नहीं जीतने पर यह टिप्पणी की। 2026 के विधान परिषद चुनावों के नतीजे 4 राज्यों की 28 सीटों पर घोषित किए गए हैं। इन राज्यों में बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र शामिल हैं।

महाराष्ट्र में भी कांग्रेस का यही हाल

कांग्रेस 3 राज्यों में एक भी सीट नहीं जीत पाई है। महाराष्ट्र में भी पार्टी मुकाबले में पीछे है। वहां 5 सीटों के लिए मतगणना जारी है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच मुकाबला चल रहा है।

मतपत्र से चुनाव तो भी कांग्रेस साफ



जोशी ने कहा, कांग्रेस लगातार वोट चोरी का मुद्दा उठाती है। वह लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी सवाल करती है। जब चुनाव के नतीजे उसके पक्ष में नहीं आते, तो वह व्यवस्था को दोष देने लगती है। कांग्रेस शासित कर्नाटक का खास तौर पर जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा।विधान परिषद के मौजूदा सदस्य भी अपनी सीटें नहीं बचा सके। उन्होंने कहा, जब मतपेटी के जरिए चुनाव हुए, तब भी पार्टी जीत दर्ज नहीं कर सकी।

ये नेता भी बोले

जनता ही सर्वोपरि: अनंत




अनंत सिंह (जदयू प्रत्याशी / पटना में हारने वाले नेता)ने हार पर कहा कि मतगणना पूरी हो गई है और हम हार गए। वोट खरीदे थे? जनता ही सर्वोपरि है।

जिधर नीतीश कुमार, उधर हम: नीरज



नीरज कुमार (जदयू विजेता ने कहा कि मैं जीत का श्रेय नीतीश कुमार,सम्राट चौधरी, उपेंद्र कुशवाहा को देता हूं।

मैं पार्टी का विश्वास नहीं टूटने दूंगा: उमेश



उमेश द्विवेदी (भाजपा विजेता - लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र) में हैट्रिक जीत दर्ज करने पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो मेरे ऊपर विश्वास किया है, यह विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभारी हूं। यह जीत शिक्षकों के सहयोग से मिली है।

बैलेट पेपर चुनाव में भी कांग्रेस हारी: झा

संजय झा (जदयू कार्यकारी अध्यक्ष) ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने 28 सीटों पर चुनाव लड़ा और एक भी सीट नहीं जीत पाई। एमएलसी चुनाव में बैलेट पेपर से वोटिंग होती है। इसके बावजूद ऐसी हार उनके सांगठिक कमजोरियों को दर्शाती है।



2027 में सपा की सरकार बनेगी: शिवपाल

यूपी के परिणामों पर शिवपाल सिंह यादव (सपा नेता ने कहा कि यह समाजवादी पार्टी के लिए शुभ संकेत है और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एकजुटता से सपा की सरकार बनेगी।



खबर संक्षेप

आजम की 426 करोड़ की संपत्ति अटैच

प्रयागराज। प्रवर्तन निदेशालय के लखनऊ जोनल ऑफिस ने सपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के



पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान की रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन और इमारतों को अटैच करने की कार्रवाई की है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में अटैच की गई संपत्ति की कीमत 426.46 करोड़ रुपए आंकी गई है।

फिल्म महोत्सव की अंतिम तिथि बढ़ी

नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 के लिए



मीडिया प्रत्यायन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 नवंबर कर दी है। सिनेमा की इस नई दुनिया का अनुभव करने के लिए प्रतिनिधि के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं।प्रत्यायन पोर्टल से फार्म जमा कर सकते हैं।

नालंदा मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, सभी सस्पेंड

नालंदा। मेडिकल कॉलेज में छात्रों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज में नए एडमिशन



लेने वाले स्टूडेंट्स के साथ रैगिंग के मामले में प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 2025 बैच के सभी 146 छात्र-छात्राओं को 3 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया है। कॉलेज के प्रिंसिपल ने यह आदेश दिया है।

निर्दलीय विधायक उमेश ने विस से इस्तीफा दिया

गैरसैंण। उत्तराखंड के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से



इस्तीफा दे दिया। हरिद्वार जिले की खानपुर सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले कुमार ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस के असहयोगात्मक रवैये से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। हमने विपक्ष (कांग्रेस) को हर मुद्दे पर सहयोग दिया।

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने आंध्र प्रदेश और यानम में मचाई तबाही

आंध्र प्रदेश में 5 की मौत, 50 से ज्यादा ट्रेनें और उड़ानें रद्द, कई जगह पेड़ गिरे

ओडिशा में सरकार ने रेड अलर्ट जारी किया

तेज हवाओं और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदम

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश और यानम के तटीय इलाकों में टकराना शुरू कर दिया है, जिससे वहां भारी बारिश हो रही है। भारी बारिश, तेज हवाओं और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में प्रशासन ने एहतियाती कदम तेज कर दिए हैं।मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के केंद्र में हवा की रफ्तार 125 से 135 किमी प्रति घंटा है, जो झोंकों के साथ 150 किमी प्रति घंटा तक पहुंच रही है।

पिछले तीन घंटों में तूफान 3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा है। अनुमान है कि शुरुआत में धीमी गति से उत्तर-पश्चिम की तरफ बढ़ेगा और फिर उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर रुख करेगा। बुधवार तड़के अर्णब आंध्र प्रदेश के तट के पास टकराया। इस पूरी प्रक्रिया में 6 घंटे से अधिक का समय लगा। चक्रवात से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई।

यहां भारी बारिश से बाढ़ का भी खतरा मंडरा रहा



मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी दी

भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि तूफान के जमीन की ओर बढ़ने के दौरान हवा की रफ्तार 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। हवा के झोंकों की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की आशंका है। मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, रायगड़ा, गजपति और कालाहांडी में बेहद भारी बारिश और रेड अलर्ट जारी किया है।

रेल मंत्री रख रहे करीबी नजर

रेल पटरियों पर 10 जगह गिरे पेड़, तेजी से हटाया गया



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि'अर्नब' के टकराने के बाद रेलवे नेटवर्क पर 10 जगहों पर पेड़ गिर गए थे। राहत टीमों ने तत्परता दिखाते हुए सभी स्थानों से पेड़ों को तुरंत हटाकर ट्रैक साफ कर दिया।

नायडू ने शाह से की बात

आंध्र प्रदेश के सीएमएन. चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर 'अर्नब' से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ की टीमों की मदद बढ़ाने का अनुरोध किया है। केंद्र से अपील की है कि चक्रवाती तूफान से हुए जान-माल और फसलों के नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीमों को जल्द से जल्द आंध्र प्रदेश भेजने को कहा है।



आंधी से उखड़े सैकड़ों पेड़-खंभे समुद्र में फंसा सल्फर से लदा मालवाहक जहाज

आंध्र प्रदेश के अंतर्वेदी के पास समुद्र में सल्फर ले जा रहा एक मालवाहक जहाज रास्ते से भटकने के बाद उथले पानी में फंस गया। यह घटना चक्रवात अर्नब के बीच सामने आई है। जहाज विशाखापत्तनम से रवाना हुआ था। बताया जा रहा है कि इंजन में खराबी आने के बाद जहाज अपना रास्ता भटक गया और अंततः अंतर्वेदी के पास समुद्र में फंस गया। संबंधित अधिकारियों के निरीक्षण के बाद जहाज की स्थिति का आकलन किया जाएगा और आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

झारखंड के कई जिलों में 29 अक्टूबर तक स्कूल बंद

'अर्नब'सेभारी बारिश को देखते हुए झारखंड सरकार ने कई जिलों में 29 अक्टूबर तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा जिले में बुधवार और गुरुवार को स्कूल बंद रहेंगे।

कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

बंगाल की खाड़ी में उठे 'अर्नब' के प्रभाव से झारखंड में मौसम बदला है। रांची समेत कई जिलों में बुधवार सुबह से बारिश हो रही है। आईएमडी ने रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी एवं पश्चिमी सिंहभूम जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

संविधान देता है गारंटी: वैष्णव

डीपीडीपी प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम का कोई भी प्रावधान प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता है। इस कानून को लेकर मीडिया जगत में जताई जा रही व्यापक चिंताओं के बीच वैष्णव ने कहा कि संविधान में प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी दी गई है। उन्होंने संपादकों और मीडिया पेशेवरों को इस अधिनियम के प्रावधानों पर सरकार के साथ खुली चर्चा के लिए आमंत्रित भी किया। वैष्णव का यह बयान डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) द्वारा एक दिन पहले डीपीडीपी अधिनियम और इसके नियमों के कुछ प्रावधानों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने के बाद आया है।

सुप्रीम कोर्ट में 17 नवंबर को सुनवाई

डीएनपीए 21 समाचार प्रकाशकों का प्रतिनिधित्व करता है। समाचार प्रकाशकों ने दलील दी है कि इस अधिनियम में पत्रकारिता संबंधी गतिविधियों के लिए विशेष छूट नहीं दिए जाने से खोजी पत्रकारिता प्रभावित हो सकती है और प्रेस की स्वतंत्रता के समक्ष खतरा पैदा हो सकता है। उच्चतम न्यायालय नेकेंद्र से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई के लिए 17 नवंबर की तारीख तय की है। समाचार संस्थानों की दलील है कि व्यक्तिगत डेटा से जुड़े नोटिस, सहमति और डेटा मिटाने संबंधी प्रावधानों के कारण पत्रकारों के लिए जनहित के मुद्दों पर रिपोर्टिंग मुश्किल हो सकती है। कथित अनियमितताओं की जांच के दौरान ऐसी बाधाएं आ सकती हैं।

पत्रकारिता की स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होगी

वैष्णव ने इन आशंकाओं पर कहा कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता की गारंटी भारत का संविधान देता है। यह स्वतंत्रता पूर्ण रूप से उपलब्ध है। पत्रकारिता की स्वतंत्रता को प्रभावित करने की कोई मंशा भी नहीं है। इस तरह, निजता कानून पत्रकारिता की स्वतंत्रता को पूरी तरह बनाए रखता है, इसकी गारंटी संविधान देता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल निजता का अधिकार सुनिश्चित करने वाला यह कानून उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद ही बनाया गया है।

प्रवासी हरियाणावासियों के शिकायत निवारण के लिए पोर्टल बनाएगी हरियाणा सरकार

सूरत में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान न केवल निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई, बल्कि दोनों राज्यों के बीच पारस्परिक समावेश और सहयोग को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया गया। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने सूरत और अहमदाबाद दोनों शहरों में प्रवासी हरियाणावासियों से मुलाकात की। इन बैठकों में प्रवासियों ने अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ विभिन्न समस्याओं और अपेक्षाओं को भी साझा किया।

मुख्यमंत्री ने प्रवासी समुदाय की भावनाओं को समझते हुए कहा कि हरियाणा सरकार उनके हितों की रक्षा और सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। सूरत में मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि प्रवासी हरियाणवासियों की शिकायतों के शीघ्र और प्रभावी निवारण के लिए एक समर्पित पोर्टल बनाया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से प्रवासी अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। यह कदम प्रवासी समुदाय को सरकार से और अधिक जोड़ने वाला साबित होगा। इसके साथ ही, महाराष्ट्र में हरियाणा भवन की तर्ज पर अब गुजरात में भी हरियाणा भवन बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए गए हैं। यह भवन प्रवासी हरियाणवासियों के लिए सांस्कृतिक, सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा तथा दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक सेतु का काम करेगा।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जोर दिया कि गुजरात और हरियाणा के बीच सहयोग केवल आर्थिक निवेश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय आयामों को भी मजबूत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि से शुरू हुई यह साझेदारी हरियाणा की विकास गाथा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाली साबित होगी।

मंत्रिमंडल ने कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी

10,000 करोड़ रुपए के आवंटन वाली योजना को केंद्र सरकार ने स्वीकृति दी

कंटेनर के आयात पर निर्भरता घटेगी व आपूर्ति मजबूत होगी

वैष्णव ने कहा-केंद्रीय बजट में की गई थी घोषणा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कंटेनर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के लिए 10,000 करोड़ के आवंटन वाली 'कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना' को मंजूरी दी। यह योजना वित्त वर्ष 2039-40 तक लागू रहेगी। योजना का उद्देश्य कंटेनर के आयात पर निर्भरता कम करना और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना है। इसके तहत नई विनिर्माण इकाइयों की स्थापना और मौजूदा इकाइयों की क्षमता बढ़ाने में सहायता दी जाएगी। देश में कंटेनर के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई थी।



योजना वित्त वर्ष 2039-40 तक लागू रहेगी

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा मंत्रिमंडल की बैठक में कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई है। यह योजना 2039-40 तक लागू रहेगी। योजना के तहत पात्र विनिर्माताओं को ब्याज सब्सिडी, परिचालन व्यय सहायता, परीक्षण प्रमाणन सहायता तथा भूमि पट्टे पर लेने के लिए सहायता दी जाएगी।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकीलों का तांडव

न्यायमूर्ति पर नाराजगी

न्यायमूर्ति के कक्ष में तोड़फोड़ की समूहों में से कुछ ने नारेबाजी की

न्यायमूर्ति भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बुधवार को वकीलों ने न्यायमूर्ति अजय भनोट के अदालत कक्ष में कथित तौर पर तोड़फोड़ की। न्यायमूर्ति भनोट के अदालत कक्ष में पहुंचने पर वकीलों ने विरोध किया और उनमें से कुछ ने नारेबाजी भी की। वकीलों के एक समूह ने मेज-कुर्सियों को कथित रूप से नुकसान पहुंचाया। यह घटनाक्रम एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को



मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के एक दिन बाद हुआ है। पत्र में आरोप लगाया कि 27 को न्यायमूर्ति भनोट ने एक अधिवक्ता वीपी श्रीवास्तव को अपमानित किया।

एजीए ने अधिवक्ता को फटकार लगाई

पत्र के मुताबिक पुलिस अधीक्षक स्तर के एक अधिकारी अपर शासकीय अधिवक्ता (एजीए) के पीछे वाली पंक्ति में बैठे थे। इसी दौरान एक वकील ने यह कहते हुए उनसे पीछे की पंक्ति में बैठने को कहा कि वह सीट उनकी नहीं है। आरोप है कि इस पर एजीए ने अधिवक्ता को फटकार लगाई और कहा कि वह इसकी शिकायत न्यायाधीश से करेंगे।

खरगे के आवास पर कल होगा 'जन महाभियोग' कार्यक्रम

सीईओ ने संविधान और प्रावधानों का उल्लंघन किया

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसकी जानकारी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने संविधान की भावना और उसके प्रावधानों का उल्लंघन किया है तथा वह 'द्वेषपूर्ण जोड़ी' के इशारे पर काम कर रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप ऐसे समय लगाया है जब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आधिकारिक आवास पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ 'जन महाभियोग' आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अन्य स्थानों पर आयोजन की अनुमति नहीं मिलने के बाद 'इंडिया जनबंधन' 30 अक्टूबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे खरगे के आवास '10, राजाजी मार्ग' पर ज्ञानेश कुमार का 'जन महाभियोग' आयोजित करेगा।

ज्ञानेश कुमार 'द्वेषपूर्ण जोड़ी' के इशारे पर काम कर रहे



रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सीईसी ने स्पष्ट रूप से संविधान की भावना और उसके प्रावधानों का उल्लंघन किया है। उन्होंने सुनियोजित तरीके से हमारे चुनावी लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर किया है। साफ शब्दों में कहें तो उन्होंने उच्चतम न्यायालय से झूठ बोला है कुमार द्वेषपूर्ण जोड़ी के इशारे पर काम करते हुए उनके हाथों का औजार बन गए हैं। अगली बारी उन दोनों की होगी।

आम लोगों की आवाज को 'दबा' रहे

कांग्रेस ने दावा किया था कि उसे सीईओ ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'जन महाभियोग' कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई और आरोप लगाया था कि सरकार चुनावी व्यवस्था को 'नष्ट' करने के बाद अब आम लोगों की आवाज को 'दबाने' का प्रयास कर रही है।

बाद में रद्द कर दी गई अनुमति : वेणुगोपाल

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दावा किया था कि



सरकार द्वारा संचालित अशोक होटल ने शुरुआत में कार्यक्रम करने की अनुमति दे दी थी, लेकिन बाद में पुलिस के हस्तक्षेप पर इसे रद्द कर दिया। 25 अक्टूबर से 3 तक रामलीला मैदान बुक कराया है।

चिंतन

कांग्रेस के लिए अब आत्ममंथन का समय

लोकतंत्र में चुनाव जीतने के लिए केवल सत्ता पक्ष की कमियां गिनाना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनता के सामने भरोसेमंद विकल्प पेश करना भी जरूरी है। दुर्भाग्य से कांग्रेस की राजनीति में इन दिनों चुनावी पारदर्शिता और वोट चोरी के आरोप प्रमुखता से छाए हुए हैं। राहुल गांधी विशेष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं। चुनाव सुधारों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन इन सवालों के बीच जनता की वास्तविक समस्याएं और अपनी राजनीतिक कमजोरियां नजरअंदाज नहीं होनी चाहिए। चार राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलना पार्टी के लिए आत्ममंथन का गंभीर अवसर है। खास बात यह है कि ये चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से हुए थे। ऐसे में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस लंबे समय से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती रही है और लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग करती रही है। ऐसे में बैलेट पेपर से हुए एमएलसी चुनावों में पार्टी की निराशाजनक स्थिति उसके राजनीतिक तर्कों की परीक्षा भी है। जिन चार सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था, वहां भी पार्टी अपनी बढ़त कायम नहीं रख सकी। खासकर कर्नाटक में सरकार होते हुए भी चारों सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों से यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सभी सवाल निराधार हैं, लेकिन इतना जरूर है कि चुनावी हार का ठीकरा केवल व्यवस्था पर फोड़कर राजनीतिक जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि बैलेट पेपर से चुनाव होने के बावजूद जनता का समर्थन नहीं मिल रहा, तो पार्टी को अपने संगठन, नेतृत्व, रणनीति, आत्ममंथन और जनसंपर्क की समीक्षा करनी चाहिए। एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध का भी निष्पक्ष आकलन जरूरी है। मतदाता सूची में गलत नामों को हटाना, मृत मतदाताओं और स्थान बदल चुके लोगों के रिकॉर्ड दुरुस्त करना तथा पात्र नागरिकों का नाम सूची में सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी वास्तविक मतदाता का नाम अनुचित तरीके से कटता है, तो उसका विरोध भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए बहस का केंद्र यह होना चाहिए कि मतदाता सूची कितनी शुद्ध हुई और कहीं पात्र मतदाताओं के अधिकार तो प्रभावित नहीं हुए। केवल नाम कटने की कुल संख्या के आधार पर न तो पूरी प्रक्रिया को गलत ठहराया जा सकता है और न ही उसे पूरी तरह निर्दोष घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस को आरोपों के साथ ठोस प्रमाण और सुधार के व्यावहारिक सुझाव भी सामने रखने चाहिए। बता दें कि एसआईआर के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रारूप मतदाता सूचियों से करीब 13.37 करोड़ नाम हटाए गए, जो पूर्व मतदाता सूचियों के कुल मतदाताओं का लगभग 14.1 प्रतिशत है। कांग्रेस देश का प्रमुख विपक्षी दल है। लोकतंत्र में उसकी मजबूती केवल उसके अपने राजनीतिक भविष्य के लिए नहीं, बल्कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा के लिए जरूरी है। इसके लिए उसे चुनावी हार के कारणों का ईमानदारी से विश्लेषण करना होगा। संगठन को मजबूत करने, स्थानीय नेतृत्व को अवसर देने, जनता के बीच निरंतर मौजूद रहने और ठोस नीतिगत विकल्प पेश करने पर ध्यान देना होगा। कांग्रेस को यह समझना होगा कि चुनावी सफलता का रास्ता केवल विरोध से नहीं, बल्कि विकल्प बनने से निकलता है।



प्रदूषण

रोहित कौशिक

जहरीली हवा की गिरफ्त में जिंदगी

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इसके साथ ऐसे अनेक कारण है जो इन दिनों प्रदूषण बढ़ाकर हवा की गुणवत्ता खराब करते हैं। सवाल यह भी है सरकार अभी तक पराली निस्तारण का कोई ठोस विकल्प क्यों प्रस्तुत नहीं कर पाई है ?

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता।

हर साल देश की राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई उपाय किए जाते हैं लेकिन ये उपाय पूरी तरह कारगत साबित नहीं हो पा रहे हैं। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केन्द्र (सीआरईए) द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली वर्ष 2022 में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) में संशोधन के बाद पिछले चार साल में सर्दी के दौरान वायु गुणवत्ता में सतत सुधार नहीं हुआ है। दरअसल वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढ़ने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं, लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है, सरकारें पुनः सो जाती हैं। जबकि वायु प्रदूषण कम करने वाले उपायों पर पूरे साल सक्रियता के साथ काम होते रहना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि कोई भी तकनीक प्रदूषण को कम करने में सहायता तो कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकती। कई बार मौसम में परिवर्तन भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होता है। रही-सही कसर हमारी नासमझी और मानवीय गतिविधियां पूरी कर देती हैं। यही कारण है कि हर साल अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले इस प्रदूषण कम करने के लिए नीतियां तो बनती हैं लेकिन उनका सही ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण नतीजा ढाक के तीन पात रहता है। सरकारी नीतियों के सही ढंग से क्रियान्वयन के साथ जब तक जनता पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होगी, वायु प्रदूषण को पूरी तरह से कम नहीं किया जा सकता।

इस समय तापमान में गिरावट, हवा की धीमी गति और वातावरण में नमी बढ़ने से प्रदूषक लंबे समय तक जमीन के करीब रहते हैं। इससे हवा में धूल, धुआं और हानिकारण गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। दरअसल धूल, धुएं और कुहासे से बना स्मॉग हमारे लिए कई समस्याएं पैदा करता है। जब ईंधन जलता है, वायुमंडलीय प्रदूषण या गैसें हवा में मौजूद सूरज की रोशनी और वातावरण में



इसकी गर्मी के साथ प्रतिक्रिया करती हैं, जिससे स्मॉग बनता है। इस मौसम में हर साल इस स्मॉग के कारण प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। निमार्ण कार्य भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही वाहनों का प्रदूषण भी इस स्मॉग को बढ़ाता है। गौरतलब है कि काफी वायु प्रदूषण वाहनों के माध्यम से होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड ,नाइट्रोजन के ऑक्साइड, हाडड्रोकार्बन तथा सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व एवं गैसे होती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड जब सांस के माध्यम से शरीर के अन्दर पहुंचता है तो वहां हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन नामक तत्व बनाता है। इस तत्व के कारण शरीर में आक्सीजन का परिवहन सुचारू रूप से नहीं हो पाता है।

नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड भी कम खतरनाक नहीं हैं। नाइट्रोजन मानोऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड की तरह ही हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर शरीर में आक्सीजन की मात्रा घटाता है। इसी तरह नाइट्रोजन डाइऑक्साइड फेफड़ों के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसकी अधिकता से दमा और ब्रोकाइटिस जैसे रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। वातावरण में हाइड्रोकार्बन की अधिकता कैंसर जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। वाहनों से निकलने वाला इथाईलीन जैसा हाडड्रोकार्बन थोड़ी मात्रा में भी पौधों के लिए हानिकारक है। सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर बहुत छोटे-छोटे कणों के रूप में विभिन्न स्वास्थ्यगत समस्याएं पैदा करते हैं। ऐसे तत्व हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाकर सांस संबंधी रोग उत्पन्न करते हैं। वास्तविकता यह है कि आज पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि प्रदूषण की यह समस्या किसी एक शहर ,राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से वायु प्रदूषण का मुद्दा हल हो सकता है ?

दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है। दरअसल हर साल अक्टूबर-नवम्बर होने वाले इस वायु प्रदूषण के लिए सरकारी नीतियां अपनी जगह जिम्मेदार हैं लेकिन इस सम्बन्ध में जब तक जनता जागरूक नहीं होगी, तब तक कोई सार्थक और ठोस हल नहीं निकल पाएगा। अब समय आ गया है कि हम इस वायु प्रदूषण को रोकने के लिए गम्भीरता के साथ काम करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आस्था

महेन्द्र तिवारी



दांपत्य जीवन की मधुर परंपरा है करवा चौथ पर्व

भारतीय संस्कृति में त्योहारों और व्रतों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह केवल कर्मकांड नहीं हैं बल्कि मानवीय भावनाओं, रिश्तों और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के प्रतीक हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण पर्व करवा चौथ है, जिसे विशेष रूप से उत्तर भारत में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को पड़ता है। दांपत्य जीवन में प्रेम, त्याग, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक यह व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। यह व्रत सूर्योदय से पूर्व प्रारंभ होता है और रात्रि में चंद्रमा के दर्शन के पश्चात ही पूर्ण माना जाता है। यह कठोर निर्जला व्रत स्त्री की मानसिक और शारीरिक दृढ़ता के साथ ही उसके असीम प्रेम को भी दर्शाता है। इस व्रत की शुरुआत अत्यंत पवित्रता के साथ भोर के समय होती है। सूर्योदय से पूर्व तारे निकलते समय महिलाएं उठकर स्नान आदि से निवृत्त होती हैं। इस समय सास अपनी बहू को सरगी देती है। सरगी एक प्रकार का आशीर्वाद और प्रेम का प्रतीक है जिसमें फल, मिठाइयां, सूखे मेवे और सुहाग की सामग्री शामिल होती है। सरगी ग्रहण करने के पश्चात निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है। दिनभर महिलाएं घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं लेकिन उनके मन में निरंतर अपने पति के कल्याण और ईश्वर की भक्ति का भाव रहता है। यह समय आत्म संयम का होता है। शारीरिक भूख और प्यास पर विजय प्राप्त कर मन को एकाग्र करना इस व्रत का मुख्य उद्देश्य है। यह केवल एक शारीरिक तप नहीं है बल्कि मानसिक शुद्धता का भी एक बहुत बड़ा माध्यम है। भारत की विविधता इसके त्योहारों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यद्यपि करवा चौथ मुख्य रूप से उत्तर भारतीय राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश का पर्व है परंतु अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रत्येक क्षेत्र में इस व्रत को मनाने के कुछ अपने स्थानीय रीति रिवाज हैं। पंजाब में भोर के समय सरगी का अत्यधिक महत्व है और वहां की महिलाएं पूरे दिन लोकगीतों के माध्यम से इस उत्सव को मनाती हैं। राजस्थान में सुहागिनें अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मिट्टी के करवे को सजाती हैं और समूह में बैठकर कथा वाचन करती हैं। स्थानों और परंपराओं की इस भिन्नता के बीच जो एक बात समान रहती है वह है पति पत्नी के बीच का निस्वार्थ प्रेम और पारिवारिक कल्याण की असीम कामना। यह क्षेत्रीय विविधता इस पर्व की सुंदरता को और भी अधिक बढ़ा देती है जिससे यह संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक सांस्कृतिक सूत्र बन जाता है। जैसे जैसे रात्रि होती है चंद्रमा की प्रतीक्षा बढ़ने लगती है। हर किसी की दृष्टि आकाश की ओर टिकी होती है। चंद्रमा के उदय होने का क्षण इस व्रत का सबसे भावुक और अलौकिक पल होता है।

चंद्रमा को शीतलता, शांति और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व में छलनी से चंद्रमा को देखने के पीछे भी एक अत्यंत गहरा दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थ छिपा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि छलनी के माध्यम से चंद्रमा की किरणें छनकर आती हैं जिससे उनकी शीतलता और पवित्रता और अधिक बढ़ जाती है। छलनी का उपयोग इस बात का भी प्रतीक है कि दांपत्य जीवन में जो भी दोष या बुराइयां हों वे सब छनकर बाहर निकल जाएं और केवल प्रेम, विश्वास और शुद्धता ही शेष रहे। इसके पश्चात पति अपनी पत्नी को अपने हाथों से जल पिलाकर और कोई मिठाई खिलाकर उसका व्रत पूर्ण करवाते हैं। यह पर्व कृषि और प्रकृति से भी बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। कार्तिक मास में गेहूं की बुवाई का समय होता है। पूजा में उपयोग होने वाले मिट्टी के करवे में गेहूं के दाने रखे जाते हैं जो अच्छी फसल और घर में समृद्धि की कामना का प्रतीक हैं। प्रकृति के पंचतत्वों में से एक जल का संरक्षण और उसका सम्मान भी इस व्रत में देखा जा सकता है। मिट्टी का पात्र, जल, चंद्रमा और अन्न, ये सभी प्राकृतिक तत्व इस पर्व को प्रकृति के अत्यंत समीप ले जाते हैं। वर्तमान समय में इस व्रत का स्वरूप थोड़ा विस्तृत हुआ है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान न रहकर दो लोगों के बीच के गहरे भावनात्मक रिश्ते का उत्सव बन गया है। यह पर्व यह संदेश देता है कि वैवाहिक जीवन केवल कर्तव्यों का निर्वाह नहीं है, बल्कि यह एक दूसरे की भलाई के लिए किए गए निरंतर प्रयासों, सम्मान और निस्वार्थ प्रेम की एक यात्रा है। करवा चौथ का यह पावन पर्व सदियों से भारतीय समाज में पारिवारिक मूल्यों और दांपत्य जीवन की पवित्रता को सींचता आ रहा है और भविष्य में भी यह अपनी इसी गरिमा के साथ हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न अंग बना रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित

दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

बहरूपियों से हमेशा सतर्क व सावधान रहें



संकलित

प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा।

- दिलीप साहू, गरियाबंद

ट्रेंड

भारत-लिकटेंस्टीन संबंध



लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस के साथ एक बेहतरीन मुलाकात हुई। हमारी बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें कई क्षेत्रों में भारत-लिकटेंस्टीन संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

कैप्टन मच्छार को बधाई



कैप्टन स्मित मच्छार को यूएई के प्रतिष्ठित सम्मान 'फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ जायद II' से नवाजे जाने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने असाधारण साहस दिखाते हुए 170 से अधिक यात्रियों की सुरक्षा की और एक संभावित विमान हादसे को टाल दिया।

-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

पंजाब में गठबंधन



जिस व्यक्ति ने पंजाब में 736 करोड़ रुपये की ड्रग्स बेची और वह पैसा अपने बैंक खातों में जमा किया, अमित शाह अब उसी के साथ गठबंधन करके पंजाब को फिर से ड्रग्स में डुबोने की तैयारी कर रहे हैं। पंजाब के लोग ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

आरोप-प्रत्यारोप का स्तर



भारतीय राजनीति में आपसी अविश्वास, दुश्मनी, कड़वाहट, और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का स्तर इतना गिर गया है कि अब यह व्यक्तिगत स्तर पर भी पूरी तरह बेलगाम हो गया है। यह व्यवहार अब असंसदीय, अभद्र, अपमानजनक और संकीर्ण सोच वाला हो गया है।

- मायावती, पूर्व सीएम, यूपी

करंट अफेयर

बुद्ध की शिक्षाएं अमेरिकी और भारत के समाज को जोड़ती है



अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भगवान बुद्ध की सदियों पुरानी शिक्षाएं भारत और अमेरिका के समाजों को जोड़ती हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग एवं साझेदारी का बुनियादी आधार हैं।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'भारत का शाश्वत संदेश : प्राचीन काल से समकालीन समय तक बौद्ध धर्म' विषयक सम्मेलन में मंगलवार को विशेष संबोधन देते हुए क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं करीब 2,500 साल पुरानी होने के बावजूद आज भी प्रासंगिक हैं और दोनों देशों के समाजों को जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक परंपराएं और बुद्ध की शिक्षाओं को बौद्धिक रूप से आत्मसात करना दोनों देशों के मजबूत संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अमेरिका को बौद्ध विचारों के अकादमिक अध्ययन और उनकी गहरी समझ का प्रमुख केंद्र बताया।

क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं को समझने का प्रयास करना ही किसी व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक यात्रा है। उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं का मूल स्वरूप नहीं बदला है, बल्कि समय के साथ उनकी व्याख्याएं बदली हैं। उन्होंने बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास कर रहा है।

ऑफ बीट

ह्यूमन कंपोस्टिंग अर्थात मृत शरीर से खाद बनाना



अब न्यू साउथ वेल्स मानव शरीर के अंतिम संस्कार के एक अन्य तरीके को कानूनी अनुमति देने वाला ऑस्ट्रेलिया का पहला राज्य बन गया है। इसे 'ह्यूमन कंपोस्टिंग'' कहा जाता है। तकनीकी रूप से इसे 'नेचुरल ऑर्गेनिक रिडक्शन' और कानूनी तौर पर 'टेरामेशन' नाम दिया गया है। इस प्रक्रिया में सूक्ष्मजीवों की मदद से मानव अवशेषों को खाद जैसे पदार्थ में बदला जाता है। मानव शरीर को खाद में बदलने का विचार असामान्य या असहज लग सकता है। लेकिन यह प्रक्रिया वास्तव में कैसे काम करती है? क्या यह मौजूदा तरीकों से बेहतर विकल्प है? इन सवालों के जवाब के लिए पहले यह समझना जरूरी है कि अपघटन कैसे होता है और प्रकृति में इसकी क्या भूमिका है। इतिहास में मनुष्यों ने मृतकों के शरीर को सुरक्षित रखने, संरक्षित करने और उन्हें वस्त्र पहनाने के लिए अलग-अलग परंपराएं विकसित की हैं। कुछ लोग चाहते हैं कि शरीर जल्दी मिट्टी में मिल जाए, जबकि दूसरे उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने को प्राथमिकता देते हैं। प्राचीन दफन पात्रों और भव्य कब्रों से लेकर ताबूतों, कफन और शव को रासायनिक पदार्थों से संरक्षित करने की परंपराओं तक, इन तौर-तरीकों में सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएं झलकती हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

डब्ल्यूपीएल 2027 नीलामी

गुजरात जायंट्स में शामिल हुईं कमलिनी

सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं सोफी, यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की नीलामी के शुरुआती चरण में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनेक्स सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। बुधवार को यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया।

गुजरात जायंट्स (जीजी) ने भारत की युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज जी. कमलिनी को उनके बेस प्राइस 40 लाख रुपए में खरीदा। 2024 में खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम का हिस्सा रहीं सोफी डब्ल्यूपीएल 2026 में नहीं खेल पाई थीं। उन्होंने अपना बेस प्राइस 50 लाख रुपए रखा था। यूपी वॉरियर्स ने बोली की शुरुआत की, लेकिन आरसीबी भी मुकाबले में बनी रही और एक मिनट से भी कम समय में कीमत 95 लाख रुपये तक पहुंच गई। यूपी वॉरियर्स ने बोली बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी, जिसके जवाब में आरसीबी ने 1.05 करोड़ रुपए की बोली लगाई। अंत में यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ रुपए की बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिन ऑलराउंडर, हिप की चोट से उबरने के बाद हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी है।



मुंबई इंडियंस से रिलीज हुईं कमलिनी

नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस की ओर से रिलीज की गईं कमलिनी को लेकर काफी उम्मीदें थीं कि उन्हें बड़ी रकम मिलेगी। हालांकि, 2027 अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप टीम में जगह न मिलने के कारण, उन्हें लेकर कोई खास होड़ नहीं दिखी और वह आसानी से गुजरात जायंट्स में चली गईं, क्योंकि किसी और फ्रेंचाइजी ने उनके लिए बोली नहीं लगाई। मुंबई इंडियंस के लिए डब्ल्यूपीएल में उनका प्रदर्शन भले ही औसत रहा हो, लेकिन 2025 अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम की सदस्य रहीं कमलिनी, सीनियर टीम के अलावा इंडिया ए और तमिलनाडु की टीमों का भी हिस्सा रही हैं।



दिल्ली कैपिटल्स ने किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा

गुजरात जायंट्स ने आयरलैंड की सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगास्ट को भी 30 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी में अपनी पहली खरीदारी करते हुए भारतीय बल्लेबाज किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा।

यूपी वॉरियर्स में शामिल हुईं स्नेह राणा और ग्रेस हैरिस



यूपी वॉरियर्स ने भारत की ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस को भी उनके 30 लाख रुपए के बेस प्राइस पर अपनी टीम में शामिल किया। आरसीबी में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर शामिल रहीं गुजरात जायंट्स की पूर्व कप्तान स्नेह राणा के लिए कोई और बोली नहीं लगी, यहां तक कि उनकी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उनके लिए बोली नहीं लगाई।

खबर संक्षेप



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे प्रसिद्ध

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहने के कारण 4 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 5 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेले गए पहले अनौपचारिक चार दिवसीय मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और प्रसिद्ध की जगह उन्हें मौका मिलने की संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, प्रसिद्ध अच्छी तरह से उबर रहे हैं।

कनाडा महिला ओपन से हटीं अनाहत



टोरंटो। स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह चोट के कारण कनाडा महिला ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हट गईं। उन्हें अंतिम आठ के मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त फैरुज अबोलखेर से भिड़ना था। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अनाहत ने चोट के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हटने का फैसला किया। हालांकि उनकी चोट के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई।

31 अक्टूबर को भारतीय रेसिंग महोत्सव



नई दिल्ली। भारतीय रेसिंग महोत्सव 31 अक्टूबर को होने वाली एफ4 इंडियन चैंपियनशिप और एक नवंबर को होने वाली इंडियन रेसिंग लीग के साथ 13 साल बाद ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में वापसी करेगा। एफ4 इंडियन चैंपियनशिप 5.125 किलोमीटर लंबे सर्किट पर 2026 के सत्र की अपनी चौथे दौर की रेस, जबकि इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) अपने दूसरे दौर की रेस आयोजित करेगा। बीआईसी फॉर्मूला वन इंडियन ग्रां प्री और मोटोजीपी भारत की मेजबानी कर चुका है।

फरहान दूसरे तो किशन तीसरे स्थान पर पहुंचे

टी20 के नए किंग बने अभिषेक, ईशान को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग में अपने हमवतन इशान किशन को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। अभिषेक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मंगलवार को 38 गेंद में 113 रन की तूफानी पारी खेली, जो उनका इस प्रारुप में चौथा शतक है।

उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इसके एक दिन बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। चोट के कारण पांच मैच की श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नहीं खेल सके किशन तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

अभिषेक की कुल रेटिंग 897 अंक

पाकिस्तान के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान साहिबजादा फरहान दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'इस पारी की बदौलत बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने अपने साथी खिलाड़ी ईशान किशन को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया।' अभिषेक के कुल 897 रेटिंग अंक हैं जबकि फरहान 883 अंक के साथ दूसरे और किशन 866 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। किशन ने आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद जुलाई में अभिषेक को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर यानसन

यानसन टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा, जो दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। आईसीसी ने कहा, ''यानसन ने अपने करियर में पहली बार दो श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने गकेबरहा में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर दक्षिण अफ्रीका की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पहली पारी में बल्ले से 85 रन बनाने के अलावा मैच का रुख बदलने वाले पांच विकेट भी लिए।' यानसन टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में भी 13 स्थान की छलांग लगाकर 56वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक स्थान नीचे खिसककर 853 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

अय्यर को पांच स्थान का नुकसान

भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान श्रेयस अय्यर को पांच स्थान का नुकसान हुआ है। वह 758 रेटिंग अंक के साथ दुनिया के नौवें नंबर के बल्लेबाज हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन ने टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत के रविंद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया।

नंबर एक बल्लेबाज बनीं लॉरा वोलवार्ट



महिला एकदिवसीय रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़कर दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। स्मृति एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में वह चौथे स्थान पर हैं। टी20 सूची में वह अपनी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा से एक स्थान पीछे हैं।



हरियाणा-मुंबई रणजी मुकाबला

मुशीर के शानदार ऑलराउंड खेल से मुंबई जीत के करीब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा और मुंबई के बीच रणजी ट्रॉफी का शरद पवार क्रिकेट अकादमी बीकेसी मुंबई में खेला जा रहा है। इस रोमांचक मुकाबले में हरियाणा के खिलाफ मुंबई की टीम ने अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। मुंबई के युवा ऑलराउंडर मुशीर खान के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम ने हरियाणा पर शिकंजा कस दिया है। वहीं हरियाणा की ओर से रोहतक के ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 105 रन बनाए। इस पारी में आठ चौके और एक छक्का शामिल है। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने अपनी पहली पारी में 430 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। मुंबई की ओर से अंगक्रिश रघुवंशी और मुशीर खान दोनों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारियां खेलीं। अंगक्रिश ने 114 और मुशीर खान ने 109 रन बनाए। हरियाणा की ओर से सामंत जाखड़ ने तीन और अमन कुमार ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में उतरी हरियाणा की पहली पारी 270 रनों पर सिमट गई। हरियाणा की तरफ से निशांत सिंधु ने संकट के समय जुझारू पारी खेलते हुए नाबाद 105 रन बनाए और टीम को संभालने की कोशिश की। हालांकि, मुंबई के स्पिन गेंदबाजों के आगे हरियाणा के अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके। गेंदबाजी में मुशीर खान ने कहर बरपाते हुए 85 रन देकर 6 महत्वपूर्ण विकेट झटके और हरियाणा की कमर तोड़ दी। पहली पारी के आधार पर 160 रनों की विशाल बढ़त हासिल करने के बाद मुंबई ने हरियाणा को फॉलोऑन देने का फैसला किया। फॉलोऑन खेलने उतरी हरियाणा की दूसरी पारी की शुरुआत भी खराब रही और उसने शुरुआती झटके झेलते हुए स्कोरबोर्ड पर कुछ रन जोड़े, लेकिन टीम पर अभी भी पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है। बुधवार को मैच खत्म होने पर हरियाणा ने दूसरी पारी में दो विकेट के नुकसान पर 73 रन बना लिए थे। निशांत सिंधु 22 और यशवर्धन दलाल 13 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं।

हरियाणा पर पारी की हार का खतरा
फॉलोऑन के बाद दूसरी पारी में दो विकेट पर बनाए 73 रन
हरियाणा की ओर से निशांत सिंधु ने बनाए नाबाद 105 रन

संन्यास

3 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन वावरिंका ने टेनिस को कहा, 'अलविदा'

एजेंसी ▶▶| बासेल

तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका ने अपने घरेलू टूर्नामेंट स्विस इंडोर के पहले दौर में पराजय के साथ अपने शानदार टेनिस करियर का अंत किया।

इस 41 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका ने 7-5, 7-6 (2) से हराया। वावरिंका का पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में आखिरी शॉट एक बैकहैंड था, जो लक्ष्य से काफी दूर चला गया था। इससे दर्शकों में निराशा स्पष्ट नजर आ रही थी। वावरिंका 2002 में पेशेवर खिलाड़ी बने थे और उन्होंने पिछले साल दिसंबर में घोषणा की थी कि 2026 उनका टूर पर आखिरी साल होगा। वावरिंका ने कहा पिछले 20 सालों में एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे बारे में अलग-अलग सोच रही है। मैं अपने करियर में बस इतना चाहता था कि अपना शत प्रतिशत दूं, हमेशा लड़ूं, कोई पछतावा न हो। अपने लिए, विरोधी के लिए, टूर्नामेंट के लिए, फैंस के लिए, सबके लिए सम्मान के साथ रहूं।



बीएफआई के गुट का अजय को हटाने के लिए बहुमत समर्थन का दावा

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह को हटाने की मांग कर रहे एक गुट ने बुधवार को 27 सदस्य इकाइयों का समर्थन होने का दावा करते हुए केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे से मुलाकात की और महासंघ में प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। निलंबित महासचिव प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष राजेश भंडारी और लियोनार्डो डीगामा तथा कोषाध्यक्ष पोन बास्करन सहित कार्यकारी समिति के 13 में से आठ सदस्य इस बैठक के लिए राष्ट्रीय राजधानी में जुटे। मध्य प्रदेश के दिग्विजय सिंह और असम के हेमंत कलिता भी अजय सिंह के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन में शामिल थे। अजय सिंह के पिछले कार्यकाल में दिग्विजय कोषाध्यक्ष जबकि कलिता सचिव थे। पिछले साल तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए अजय सिंह के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन में 27 राज्य इकाइयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

तीसरा वनडे जीती भारतीय महिला टीम, जिम्बाब्वे को किया क्लीन स्वीप

प्रतिका-शेफाली की दमदार पारी वैष्णवी ने झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे वनडे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से रौंदा। बीसीए स्टेडियम में जिम्बाब्वे से मिले 132 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने आसानी से सिर्फ 17 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

यास्तिका भाटिया पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल और प्रतिका रावल ने मिलकर 59 रन जोड़े। हरलीन 19 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतिका को शेफाली के रूप में एक और बढ़िया जोड़ीदार मिली। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 50 गेंदों में 74 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को शानदार जीत दिलाई।



प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर रहीं नाबाद

प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने अपनी इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं, शेफाली वर्मा ने सिर्फ 26 गेंदों का सामना करते हुए 51 रनों की धमाकेदार पारी खेली। शेफाली ने अपनी इस इनिंग में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। शेफाली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच को पूरी तरह से एकतरफा बना दिया। जिम्बाब्वे की तरफ से नोमवेलो सिबांडा और लोरिन फिरी ने एक-एक विकेट चटकाया।

जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने टेके घुटने

इससे पहले, जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के आगे आसानी से घुटने टेक दिए और पूरी टीम 39.5 ओवर में 131 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। लोरिन फिरी बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद चिपो मुगेरी-तिरिपानो भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सकीं और केवल 4 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। बिलव्ड बीजा को वैष्णवी शर्मा ने हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच आउट कराकर सिर्फ 1 रन पर आउट किया। **वैष्णवी ने 39 रन देकर चटकाए 5 विकेट** : भारत की ओर से गेंदबाजी में वैष्णवी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया। 20 वर्षीय स्पिनर ने 10 ओवर में 39 रन देकर 5 विकेट लिए और जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली साबित हुईं। क्रांति गौड़ ने 7 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। वहीं, सायली सतघरे ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

सोनीपत की काजल ढोचक और उत्तर प्रदेश की नीलम सिरोही ने रजत पदक जीता

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय महिला कुश्ती ने विश्व चैंपियनशिप के मंच पर एक नया और स्वर्णिम इतिहास रच दिया है। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबलों में देश की दो महिला पहलवानों हरियाणा के सोनीपत की काजल ढोचक और उत्तर प्रदेश की नीलम सिरोही को कड़े संघर्ष के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय कुश्ती के इतिहास में यह पहला मौका है जब महिला वर्ग में देश ने एक ही दिन दो रजत पदक अपने नाम किए हैं। महिला 76 किग्रा वर्ग के खिताबी मुकाबले में काजल ढोचक का सामना तीन बार की यूरोपीय चैंपियन अनास्तासिया अल्पयेयेवा से हुआ। यह मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें काजल को अंततः 6-8 से करीबी शिकस्त का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल के पास भारत की पहली महिला सीनियर विश्व चैंपियन बनने का





ऐतिहासिक अवसर था, मगर वे इस उपलब्धि से मामूली अंतर से चूक गईं। मुकाबले के दौरान एक समय स्कोर 4-4 की बराबरी पर था और 'क्राइटेरिया' के आधार पर काजल बढ़त बनाए हुए थीं। हालांकि, मैच समाप्त होने में महज 20 सेकंड का समय शेष रहते अल्पयेयेवा ने शानदार दांव लगाते हुए टेकडाउन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। दिन के पहले रजत पदक के रूप में नीलम सिरोही ने महिला 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में अपनी चुनौती पेश की। कड़े मुकाबले में हार के बाद उन्हें भी रजत पदक से संतोष करना पड़ा, लेकिन उनका यह सफर भी उतना ही प्रेरणादायक रहा।

40 हजार फैंस की आने की उम्मीद

ईडन पार्क में चौथे टी20 में उमड़ेगा दर्शकों का सैलाब

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को ईडन पार्क में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को देखने के लिए लगभग 40 हजार दर्शकों के आने की उम्मीद है, जो ऑकलैंड के इस मैदान के इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी उपस्थिति होगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले तीन मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इन तीनों मैच के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। अभिषेक शर्मा और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को वेलिंगटन में खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धुआंधार बल्लेबाजी का अद्भुत नमूना पेश किया, जिससे भारत ने 6 विकेट से बड़ी जीत हासिल की। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने 199 रन का लक्ष्य महज 13.2 ओवरों में हासिल कर लिया।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला कल



रविवार को सेडन पार्क में श्रृंखला का अंतिम मैच

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा, 'न्यूजीलैंड और भारत के बीच शुक्रवार को ऑकलैंड में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के सभी टिकट बिक गए हैं और इस मैच के लिए 40 हजार से अधिक दर्शकों के ईडन पार्क पहुंचने की संभावना है।' इससे पहले हैगली ओवल में खेले गए शुरुआती दो मैचों के भी सभी टिकट बिक गए थे। रविवार को सेडन पार्क में होने वाले श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच के भी सभी टिकट बिक चुके हैं।'

2019 में ईडन पार्क पहुंचे थे 36,523 दर्शक

ऑकलैंड में होने वाला मैच न्यूजीलैंड क्रिकेट के द्विपक्षीय श्रृंखला के मैचों में दर्शकों की उपस्थिति का नया रिकॉर्ड बनाएगा। इससे पहले 2019 में भारत और न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमों के बीच एक ही दिन खेले गए मैचों को देखने के लिए 36,523 दर्शक ईडन पार्क पहुंचे थे। किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए ईडन पार्क में इससे अधिक दर्शक केवल दो बार ही पहुंचे थे। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 2015 के वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए 41,000 जबकि रिपोर्टों के अनुसार 1982 में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए वनडे मैच को देखने के लिए 42,000 दर्शक पहुंचे थे।

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद ने मच्छार को गले लगाकर दिया फर्स्ट क्लास आर्डर ऑफ जायद-2 सम्मान

संयुक्त अरब अमीरात के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे गए कैप्टन स्मित मच्छार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में चल रहे भीषण युद्ध के मुश्किल हालातों के बीच पिछले महीने 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की एक उड़ान (एफजेड1073) में अपनी जान की परवाह किए बिना 170 से अधिक यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की जान बचाने वाले भारत के बहादुर पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने सर्वोच्च सम्मान 'फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ द जायद-2' से सम्मानित किया है। ये एक ऐसी घटना है, जिसे सुनकर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने पिछले 27 अक्टूबर को पुरस्कार समारोह के दौरान कैप्टन मच्छार को गले लगाया और फिर उन्हें इस महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा गया। वहीं, यह भी बता दें कि कैप्टन मच्छार को मिले इस सम्मान को लेकर देश में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। हर खासो आम की तरफ से उन्हें शुभकामना संदेश भेजे जा रहे हैं।

पूरे शाही परिवार की रही मौजूदगी

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने कैप्टन मच्छार को अपने देश के शीर्ष सम्मान से सम्मानित किया। जबकि इस दौरान दुबई के शासक शेख मोहम्मद अल मकतूम और दोनों अमीरातों के शाही परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद ने फ्लाईदुबई के चालक दल के सदस्यों को पुरस्कार प्रदान किया।

सम्मान का महत्व

मालूम हो कि फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ जायद-2 यूएई का एक प्रतिष्ठित सैन्य, नागरिक सम्मान है। जिसे आमतौर पर देश व समाज दोनों के लिए अत्यधिक वीरता और बहादुरी के साथ सराहनीय योगदान देने के लिए प्रदान किया जाता है।

कैप्टन मच्छार व उनकी पूरी टीम को सम्मानित किए जाने के अवसर पर दुबई के क्राउन प्रिंस ने कहा कि इस हादसे के वक्त फ्लाईदुबई के चालक दल के सदस्यों द्वारा प्रदर्शित किए गए साहस, जिम्मेदारी के साथ तत्काल आधार पर निर्णय लेने की क्षमता यूएई के विमानन क्षेत्र के उच्च स्तर के मानकों की जीवंत प्रमाण प्रस्तुत करती है।

इजरायल से मिला न्योता

कैप्टन स्मित मच्छार को इजरायल से भी न्योता मिला है। जिसमें उन्हें इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्वतंत्रता दिवस पर मशाल प्रज्वलित करने के लिए तेल अवीव की यात्रा करने का अनुरोध किया है। इस समारोह में शामिल होने के लिए इजरायली पीएम ने भारत के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया है।

यूएई ने घटना को बताया आतंकी घटना

घटना के वक्त 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की उक्त उड़ान दुबई से तेल अवीव जा रही थी। जिसमें सवार ओमान के सह-पायलट ने विमान की कॉकपिट में अचानक विमान को क्रैश करने की अपनी नापाक मंशा के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की। लेकिन इसे वहां मौजूद कैप्टन मच्छार ने तुरंत भांपते हुए पूरी तरह से नाकाम कर दिया। इस दौरान सह-पायलट ने उन पर चाकू से कई वार किए। लेकिन मच्छार ने गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद हार नहीं मानी और घायल अवस्था में ही कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। जिसके बाद चालक दल के बाकी सदस्यों, विमान में सवार कुछ यात्रियों ने हमलावर सह-पायलट को पकड़कर काबू कर लिया। खाड़ी देश द्वारा मामले की उच्च-स्तरीय न्यायिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। यूएई के अटॉर्नी जनरल ने इसी महीने 9 अक्टूबर को एक बयान में बताया था कि ओमानी सह-पायलट का इरादा विमान में सवार ज्यादा से ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाने का था।

फिलीपींस में हुई दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात से निकला यह निष्कर्ष

आतंकवाद के जड़ से खात्मे के लिए भारत-अमेरिका ने दोहराई साझा प्रतिबद्धता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) और टैरिफ को लेकर बीते कुछ समय से संबंधों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को फिलीपींस के सेबू में भारत, अमेरिका के रक्षा मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई है। जिसमें क्षेत्रीय सुरक्षा की समीक्षा के साथ दोनों पक्षों ने आतंकवाद के अंतरराष्ट्रीय खतरे का समूल नाश करने के लिए संयुक्त रूप से प्रतिबद्धता जताई है। सेबू में दरअसल आसियान के रक्षा मंत्रियों-प्लस (एडीएमएम-प्लस) की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जिसके इतर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ यह अहम मुलाकात हुई।

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय रक्षा मंत्री ने अमेरिका के रक्षा मंत्री से बैठक के दौरान दो टूक अंदाज में कहा कि वैश्विक समुदाय को आतंकवादी संगठनों का समर्थन, प्रशिक्षण व वित्त पोषण करने वाले देशों के प्रति शून्य सहिष्णुता का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। सामान्य तौर पर इसे एक समझौता-हीन नजरिए के रूप में भी समझ सकते हैं। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सीमा पार आतंकवाद के विरूद्ध संघर्ष में भारत को अपने देश की ओर से एकजुटता के साथ शत-प्रतिशत समर्थन देने की पुष्टि की है। राजनाथ ने हेगसेथ की ओर से मामले पर दिए गए लगातार और मजबूत समर्थन के लिए नई दिल्ली की ओर से आभार व्यक्त किया।

रक्षा कार्यक्रम की प्रगति को जांचा

मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में दोनों शीर्ष मंत्रियों ने भारत तथा अमेरिका के दशकीय (10 वर्षों वाले) रक्षा कार्यक्रम की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई है। कार्यक्रम में जटिल तकनीक, सूचना साझा करने और सैन्य उत्पादों का सह-उत्पादन शामिल है। इसके अलावा वार्ता में मौजूदा सहयोग को सशक्त बनाने, परिचालन तत्परता बढ़ाने, प्रौद्योगिकी को साझा करने सहित रक्षा औद्योगिक एकजुटता को बढ़ाने के लिए नए रास्तों की तलाश की गई। द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को रणनीतिक संयोजन तक बढ़ाने के लिए भी दोनों देश तैयार हैं। सैन्य आदान-प्रदान, समुद्री सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने, मौजूदा दौर में जारी रक्षा उद्योग सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने के लिए मजबूत रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं को एकीकृत करने पर भी राजनाथ, हेगसेथ की बैठक में चर्चा हुई।

आईपीआर की आधारशिला साझेदारी

रक्षा मंत्री ने एक्स पोस्ट में अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ हुई बैठक को उत्कृष्ट बताते हुए कहा कि दोनों देशों की मजबूत साझेदारी एक मुक्त, खुला हुआ और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) के लिए एक आधारशिला बनी हुई है। हमारी ये बैठक 13वें एडीएमएम-प्लस के इतर हुई और हमने 10 वर्षीय भारत-अमेरिका रक्षा ढांचे की प्रगति की समीक्षा की।

ये ढांचा मुख्य रूप से सैन्य प्रौद्योगिकी, सूचना साझाकरण व सह-उत्पादन में रणनीतिक अभिसरण को बढ़ावा दे रहा है। पीट हेगसेथ ने भारतीय रक्षा मंत्री के साथ हुई बैठक को शानदार बताया। साथ ही कहा, हमने अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी के लिए बनाए गए ढांचे की पहली वर्षगांठ मनाई, सहयोग को अधिक प्रगाढ़ बनाने के उपायों पर मंथन किया। हालिया संपन्न हुए युद्ध अभ्यास का जिक्र भी बातचीत में किया गया। इस अभ्यास ने दोनों देशों के रक्षा संबंधों में हुई प्रगति के तमाम क्षेत्रों को उजागर किया है। ज्ञात हो कि दोनों देशों ने वर्ष 2016 से तीन अहम रक्षा समझौते किए हैं। जिसमें 2016 में हुआ लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एलईएमओए), 2018 में कम्युनिकेशन कंपैटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट (सीओएमसीएएसए) और 2020 में हुआ बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बीईसीए) मुख्य हैं।

बीटीए, टैरिफ की वर्तमान स्थिति

यहां बताते चलें कि भारत, अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। जिसका एक बड़ा हिस्सा पूरा किया जा चुका है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस तथ्य की स वयं पुष्टि की है।

जबकि रूस से तेल खरीद को लेकर भारत सहित चीन व अन्य देशों पर 100% टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी संसद से स्वीकृति के साथ एक कानून पास करने के बाद बीते दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के साथ कच्चे तेल व अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद को लेकर एक गोपनीय समझौता किया है। साथ ही नई दिल्ली सहित अन्य देशों पर भारी भरकम टैरिफ लगाने की कवायद को भी टाल दिया है।

फिलीपींस में हुई दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में इस मुद्दे पर हुई चर्चा

एक खुले हुए, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन के पक्ष में भारत-जापान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) के इलाके पर एकतरफा एकाधिकार की कुटिल मंशा के साथ बढ़ती चीन की आक्रामकता के मध्य बुधवार को फिलीपींस के सेबू में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके जापानी समकक्ष रक्षा मंत्री शिंजीरो कोइजुमी शामिल हुए। इस दौरान दोनों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में जारी प्रगति का स्वागत किया।

साथ ही बिना किसी लाग लपेट के एक खुले हुए, स्वतंत्र तथा शांतिपूर्ण आईपीआर के गठन को लेकर अपनी साझी प्रतिबद्धता जताई है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। वहीं, रक्षा मंत्री सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि हमारी बातचीत में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा करने, विशेष रणनीतिक-वैश्विक साझेदारी को सशक्त बनाने के लिए नए मार्गों की तलाश करने को लेकर उत्पादक चर्चा हुई। एक खुले हुए, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण आईपीआर के लिए दोनों देशों की संयुक्त प्रतिबद्धता बनी हुई है।

मजबूत होगी विशेष साझेदारी

दोनों रक्षा मंत्रियों की बातचीत में सशक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग की प्रगति का आकलन किया गया। यह एक ऐसा मुद्दा है, जो दोनों देशों की सामरिक और रणनीतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने की क्षमता के विकास, नौसैन्य डिजाइन-निर्माण, शिपबिल्डिंग को लेकर संयुक्त संभावनाओं की तलाश के मामले पर भी राजनाथ, कोइजुमी ने विचार-विमर्श किया। मुद्दे पर जापान को तकनीकी महारत हासिल है। जबकि भारत के पास शिपबिल्डिंग के क्षेत्र में उत्पादन की क्षमताएं मौजूद हैं। उप-नौसेनाप्रमुख की जापान यात्रा में भी इस बाबत बातचीत की जा चुकी है।

ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स से भी मिले राजनाथ सिंह

टोक्यो में होगी टू प्लस टू बैठक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और शिंजीरो कोइजुमी की वार्ता में इस साल टोक्यो में होने वाली चौथी जापान-भारत विदेश तथा रक्षा मंत्रियों की बैठक (2+2) पर भी चर्चा की गई। दोनों पक्षों में चल रही चर्चाओं का अंतिम लक्ष्य भारत, जापान की वायु सेनाओं के बीच सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाना है। यह पूरा घटनाक्रम जापान के आत्मरक्षा बलों द्वारा भारत में बीते वक्त में आयोजित किए गए वीर गार्डियन-26 युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए पहली बार भेजे गए जापानी लड़ाकू विमान के तुरंत बाद का है। युद्धाभ्यास में जापान के वायुसेनाप्रमुख भी शामिल हुए थे। हालिया समय में टोक्यो में भारतीय दूतावास की ओर से भारत-जापान रक्षा उद्योग मंच का आयोजन किया गया था। जिसमें दोनों देशों की कुल करीब 40 कंपनियों ने भाग लिया।

मिलकर होगा सुरक्षा चुनौतियों का समाधान

मंत्रालय के मुताबिक, रक्षा मंत्री की सेबू में ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ भी एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई है। रक्षा मंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। भारत ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को अत्यधिक महत्व देता है।

जिसका आधार एक खुला हुआ स्वतंत्र और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र है। हमने अपनी चर्चा में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की, सैन्य अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने व क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों का हल करने पर विचार-विमर्श किया है। इसके अलावा रक्षा मंत्री ने कई अन्य देशों के अपने समकक्षों के साथ भी फिलीपींस में बैठकें की। जिनमें दक्षिण कोरिया, फिलीपींस मुख्य हैं।

हाई स्पीड ट्रेन टकराईं, 64 की मौत, बचाव अभियान जारी



मैड्रिड। स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर में कम से कम 64 लोगों की मौत की खबर है। हादसे में रेनफे एवीई और निजी कंपनी इर्यो की ट्रेन शामिल थीं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय समयानुसार सुबह 8:54 बजे उर्दा रेलवे स्टेशन के पास हुई भीषण टक्कर के बाद आपातकालीन सेवाओं को मौके पर बुलाया गया। कैस्टिला-ला मांचा की 112 आपातकालीन सेवा के अनुसार, हादसे के बाद अल्काजार डी सैन जुआन और ऑर्गाज से दमकलकर्मियों, आसपास की नगरपालिकाओं से नागरिक सुरक्षा दलों और तीन मेडिकल हेलिकॉप्टरों को घटनास्थल पर भेजा गया।

भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ. जयशंकर, क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी रहेगी उनकी भागीदारी

अमेरिका के अटलांटा में कल होगी जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठकः जायसवाल

- पाकिस्तान को एससीओ प्रोटोकॉल के मुताबिक भेजा न्योता, रुख में कोई तब्दीली नहीं
- ये जानकारी राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दी है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



वैश्विक स्तर पर सैन्य संघर्षों के चलते बनी हुई अस्थिरता के दौर में अमेरिका 30 से 31 अक्टूबर तक जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन करेगा। जिसमें भारत का नेतृत्व विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर करेंगे। यह जानकारी बुधवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अमेरिका के अटलांटा में समूह देशों के विदेश मंत्रियों की यह बैठक होगी। गौरतलब है कि समूह का शिखर सम्मेलन 14 से 15 दिसंबर तक मियामी में होगा।

क्वाड मंत्रियों संग होंगी द्विपक्षीय बैठकें

उन्होंने बताया कि जी-20 के आयोजन के अलावा चतुष्कोणीय देशों (अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत शामिल) के क्वाड समूह की भी बैठक होगी। जिसका आयोजन मनीला में किया जा सकता है और उसमें भी जयशंकर शामिल होंगे। बैठक से इतर उनकी समूह देशों के अपने समकक्षों यानी विदेश मंत्रियों के साथ कुछ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। जिसमें संभवतः द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। अमेरिका की यात्रा के बाद विदेश मंत्री जयशंकर राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों (सीएचओजीएम) की बैठक में नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने के लिए एंटीगुआ और बारबुडा जाएंगे। उनका यह दौरा 1 से 4 नवंबर तक चलेगा।

सीएचओजीएम की थीम

राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक की इस वर्ष की थीम समृद्ध राष्ट्रमंडल के लिए साझेदारी और निवेश में तेजी लाना है। इस उच्चस्तरीय कार्यक्रम की मदद से नई दिल्ली को वैश्विक मामलों पर भी अपने विचार दुनिया के सामने रखने का अवसर मिलेगा।

पाकिस्तान के खिलाफ नहीं बदली नीति

भारत द्वारा पहली बार आयोजित किए जाने वाले एससीओ सभ्यता संवाद फोरम को लेकर पूछे गए एक अन्य प्रश्न के जवाब में रणधीर ने बताया कि समूह का यह नियम और प्रोटोकॉल रहा है कि जो भी देश संबंधित आयोजन की जिम्मेदारी संभालता है। उसे समूह के सभी सदस्य देशों व अन्य भागीदारों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित करना पड़ता है। इसी प्रक्रिया के तहत भारत ने पाकिस्तान सहित संगठन के सभी सदस्यों और भागीदार देशों को भी न्योता भेजा है। दूसरी ओर जहां तक पाकिस्तान के खिलाफ हमारी नीति का सवाल है। उसमें पिछले साल 22 फरवरी 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से कोई परिवर्तन नहीं आया है। यहां बता दें कि इस हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद यह पहला मौका है। जब भारत में आयोजित किए जा रहे वैश्विक स्तर के किसी आयोजन में नई दिल्ली ने पाकिस्तान को आधिकारिक रूप से आमंत्रित किया है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने अपने निकट दुश्मन देश के खिलाफ आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति को ही मजबूती के साथ अपनाया है। आज भी यह बदस्तूर जारी है।

पश्चिम एशिया में भारत ने खोए 22 नागरिक

उन्होंने ये भी बताया कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में युद्ध के मध्य अब तक भारत के 22 नागरिकों की मौत हो गई है। जिनमें 14 नाविक शामिल हैं। इलाके में वर्तमान में बने हुए हालात हमारी चिंता को बढ़ाते हैं और नाविकों का मारा जाना भी हमारे लिए पीड़ादायक होने के साथ-साथ चिंताजनक है।

एफएटीएफ की बैठक पर कोई जानकारी नहीं

रणधीर ने एफएटीएफ की बैठक को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कहा कि टास्क फोर्स की एक बैठक चल रही है। लेकिन उसमें भारत की भागीदारी किस स्तर की है? उसके संबंध में आगे जानकारी साझा की जाएगी। जबकि आतंकवाद को लेकर नई दिल्ली किसी मुगालते में नहीं है। उसका साफतौर पर यही मानना है कि इस अंतरराष्ट्रीय चुनौती के खिलाफ या आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को हर हाल में जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। वैश्विक समुदाय का यह दायित्व बनता है कि वो आतंकवाद के सभी रूपों, प्रकारों के विरुद्ध एकजुटता से खड़े जाएं। जिससे इस गंभीर समस्या का सर्वनाश किया जा सके।

भारत-ईयू व्यापार समझौते की स्थिति

उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच होने वाले मुक्त व्यापार समझौते को लेकर कहा कि इस बाबत समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अभी प्रक्रियागत मुद्दों पर काम चल रहा है। जिसके पूरा होने के बाद ही समझौते पर दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। कोशिश यही की जा रही है कि इस साल के अंत तक समझौते पर हस्ताक्षर के साथ उसे क्रियान्वित कर दिया जाए। ऊर्जा खरीद को लेकर उन्होंने कहा कि यह काम भारत की कंपनियां करती हैं। उनका कोई भी निर्णय राष्ट्रीय हितों, देश के 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के मद्देनजर ही लिया जाता है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109